तापमान

अधिकतम 37.8 डिग्री

न्यूनतम 24.6 डिग्री


हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 23 जून 2026



स्टाइपेंड, बॉन्ड नीति और स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर सिम्स के जूनियर डॉक्टरों ने निकाला कैंडल मार्च।




(बिलासपुर) प्रवेश प्रारंभ (बिलासपुर)
प्रतिमाह मात्र 999/- में आई.टी.आई.
न्यू महाराणा I.T.I.
ट्रेड-इलेक्ट्रिशियन, कोपा, फिटर, डीजल मैकेनिक
योग्यता-10वीं पास (साइंस, गणित अनिवार्य)
स्थान सीमित
नोट: अतिशीघ्र संस्था आकर नाम पंजीयन करायें।
प्राचार्य: लोधीपारा पुराना सरकंडा (कोनी रोड) बिलासपुर
मो. 9203905369, 9203914564, 9203914561


## खबर संक्षेप

### केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन आज से राज्यों के प्रवास पर

**बिलासपुर।** भारत सरकार के आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू 22 जून से 26 जून तक आंध्र प्रदेश एवं तेलंगाना राज्य के आधिकारिक दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे केंद्र सरकार की विभिन्न शहरी विकास योजनाओं की समीक्षा करेंगे तथा राज्य सरकारों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठकें करेंगे। दौरे के दौरान श्री साहू 23 जून को आंध्र प्रदेश की राजधानी अमरावती में सीपीडब्ल्यूडी, एनबीसीसी एवं हुडको के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे। इसके साथ ही अमरावती एवं अन्य विकास कार्यों का निरीक्षण कर राज्य में संचालित आवासन एवं शहरी विकास परियोजनाओं की प्रगति का जायजा लेंगे। वे राज्य सरकार के अधिकारियों के साथ केंद्रीय योजनाओं के क्रियान्वयन की भी समीक्षा करेंगे। 24 जून को श्री साहू तिरुपति में विभिन्न शहरी विकास एवं अधोसंरचना परियोजनाओं का अवलोकन करेंगे। इसके पश्चात तिरुपति स्मार्ट सिटी परियोजनाओं की समीक्षा बैठक में शामिल होकर विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण करेंगे।

### एयरपोर्ट में मिलेगी कैंटीन की सुविधा




**बिलासपुर।** लंबे इंतजार के बाद बिलासा देवी केंवट एयरपोर्ट में यात्रियों के लिए भोजन एवं पेय की सुविधा मिल सकेगी। एयरपोर्ट परिसर में स्थापित 'द डायमंड्स रेस्टोरेंट्स' द्वारा शॉप शुरू किया गया है। इससे एयरपोर्ट से यात्रा करने वाले यात्रियों को भोजन और पेय पदार्थों की सुविधा उचित मुल्य पर उपलब्ध होगी। शॉप का सोमवार को उद्घाटन किया गया। जहां रीजनल डायरेक्टर, एयरपोर्ट डायरेक्टर सहित द डायमंड्स रेस्टोरेंट्स के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। अतिथियों ने फीता काटकर नई सुविधा का शुभारंभ किया और इसे एयरपोर्ट की यात्री सुविधाओं के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। एयरपोर्ट पर फूड एंड बेवरेज काउंटर शुरू होने से यात्रियों को उड़ान से पहले और बाद में बेहतर खानपान की सुविधा मिलेगी।

## किसी बड़े हादसे का इंतजार : व्यवस्था बनाने गठित जांच टीम ने कुछ नहीं किया

# यहां भी हादसे को न्योता, बेसमेंट में चल रहीं कोचिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासपुर के कोचिंग सेंटर्स की हालत ठीक नहीं है। किसी भी जगह सुरक्षा व्यवस्था का पालन नहीं किया जा रहा है। हरिभूमि ने दयालबंद से लेकर गांधी चौक के क्षेत्र में इसका जायजा लिया तो पाया कि कभी भी कहीं भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। इसी क्षेत्र में 150 से अधिक कोचिंग छोटे से लेकर बड़े कमरों में चल रहे हैं। 10 से अधिक कोचिंग की क्लास बेसमेंट में लग रही है।

■ फायर फायटिंग भी नदारद

इस कोचिंग सेंटर्स में कमरों में क्षमता से अधिक बच्चों को बिठाया जा रहा है। सबसे बड़ी बात कि निगम के पास इसका ब्यौरा ही नहीं कि कितने भवनों के कंप्लीशन सर्टिफिकेट हैं। 90 प्रतिशत कोचिंग संस्थान सुरक्षा के मापदंड पूरे नहीं करते हैं। तात्कालीन कलेक्टर अवनीश शरण ने शहर में संचालित विभिन्न कोचिंग सेंटरों में सुरक्षा मानकों की जांच के लिए पांच सदस्यीय कमेटी बनाई थी। कमेटी को कोचिंग सेंटर में सुरक्षा मानकों के अनुपालन की स्थिति, भवन अनुज्ञा का अनुपालन, फायर एग्जिट की व्यवस्था, कोचिंग संस्थान में प्रवेश एवं निकाय द्वारा की व्यवस्था, आकस्मिक स्थिति से निपटने की व्यवस्था की जांच करनी थी।इसकी रिपोर्ट आज तक सामने नहीं आ सकी।

दिल्ली के बाद लखनऊ के कोचिंग सेंटर में लगी आग ने कोचिंग सेंटर्स की व्यवस्थाओं पर सवाल उठा दिया है। मेन रोड पर चल रहे अधिकांश कोचिंग सेंटर का आलम यह है कि वहां पार्किंग की कोई व्यवस्था ही नहीं है। स्टूडेंट रोड पर वाहन पार्क करने मजबूर हैं। सबसे बड़ी बात कि निगम के पास कोचिंग सेंटर की संख्या, वहां फायर फायटिंग, पार्किंग की व्यवस्था और कंप्लीशन सर्टिफिकेट आदि का ब्यौरा नहीं है। यानी कोई हादसा हो जाए तो कोई जिम्मेदारी लेने वाला भी नहीं है। हजारों छात्रों को जैसे उनके हाल पर छोड़ दिया गया है।

**कई बिना रजिस्ट्रेशन चल रहे** | **शहर के कोचिंग सेंटरों में सुरक्षा मानकों का पालन नहीं, सड़कों पर हो रही वाहन पार्किंग**







**एक पतली गली में 10 कोचिंग सेंटर**

गांधी चौक के पास पुराने बिहारी टाकीज के ठीक सामने एक पतली सी गली है। इस गली में चलने तक की जगह नहीं है और यहां करीब 10 कोचिंग सेंटर चल रहे हैं। इनमें छात्रों की संख्या एक हजार से अधिक है। यहां गाड़ियों के रखने की जगह तो दूर क्लास छूटने के दौरान स्टूडेंट बड़ी मुश्किल से निकल पाते हैं। यहीं नहीं इसी गली में दो बड़ी पुस्तक दुकान से लेकर फोटो कापी और चाय नाश्ते के ठेले भी लग रहे हैं। यहां सिर्फ एक शौचालय दिखा वह भी इतना गंदा कि उसका उपयोग भी मुश्किल ही है। कचरे का अंबार सड़क से लकर छत तक दिखा। इसी माहौल में बच्चों को पढ़ाई भी हो रही है।

### बांस बल्लियों के सहारे छोटे-छोटे क्लास रूम

बड़ी बात यह है कि प्रशासन और निगम को पता ही नहीं है कि कितने कोचिंग सेंटर नियमों का पालन नहीं है कर रहे हैं। अधिकारी स्वीकार भी करते हैं कि कोचिंग संस्थानों में से नाममात्र संस्थान ही सुरक्षा प्रमाण पत्र लेने के लिए आते हैं, जबकि बहुत से ऐसे संस्थान हैं जिनके पास सही भवन और अग्निशमन यंत्र भी नहीं हैं। हरिभूमि ने इनका जायजा लिया तो इन संस्थानों के भवनों में मरम्मत तक नहीं हो पाई है। संकरी सीढ़ियां होने के चलते चलना भी कठिन है। कई जगहों पर शौचालयों का भी प्रबंध नहीं है। ऐसे में जुगाड़ के सहारे कोचिंग संस्थान चल रहे हैं। पुराने बिहारी टाकीज परिसर की छोटी जगह में 4 कोचिंग सेंटर एक साथ चल रहे हैं। यहीं पर इनकी पार्किंग भी बनाई गई है। टिन और बांस बल्लियों के सहारे छोटे-छोटे क्लास रूम बना दिए गए हैं।

### बेसमेंट पार्किंग में लग रही क्लास

गांधी चौक और दयालबंद गुरुद्वारा के पास संचालित 4 बड़े कोचिंग सेंटर्स की मनमानी तो सालों से जारी है लेकिन निगम और प्रशासन का ध्यान कभी इस तरफ नहीं गया। इन सेंटरों में बच्चों की संख्या सैकड़ों में है लेकिन व्यवस्था के नाम पर कुछ नहीं। छात्रों के जब बैठने की जगह नहीं मिली तो बेसमेंट पार्किंग में ही क्लास लगाई जा रही है। दयालबंद के कोचिंग सेंटर में तो एक साथ 4 फ्लोर पर क्लास लगती है और शिक्षक परदे पर क्लास लेते हैं। इसके अलावा यह बात भी सामने आई कि ज्यादातर कोचिंग सेंटर राजेंद्र नगर रोड से लेकर गांधी चौक, दयालबंद रोड यानी मेन रोड पर चल रहे हैं। अधिकतर कोचिंग सेंटर बगैर पार्किंग के चल रहे हैं।

### फायर सेफ्टी की व्यवस्था के लिए कहा गया

कोचिंग सेंटरों की जांच के लिए अधिकारियों को पहले ही निर्देशित कर दिया गया है।रजिस्ट्रेशन से लेकर सुरक्षा मानकों की पड़ताल और फायर सेफ्टी की व्यवस्था देखने कहा गया है।

- - **संजय अग्रवाल,** कलेक्टर

### रिपोर्ट बनाई जा रही

शहर में संचालित कोचिंग सेंटर्स में व्यवस्था पर रिपोर्ट बनाई जा रही है। सुरक्षा मानकों के साथ ही दूसरे बिंदुओं पर सर्वे किया जाएगा। निगम से कोचिंग सेंटर्स के रजिस्ट्रेशन और दूसरी जानकारी ली जा रही है।

- **प्रकाश कुमार सर्वे** निगम आयुक्त

# चला पुलिस का डंडा, 85 गुंडे पकड़े गए, 30 भेजे गए जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



सोमवार की सुबह पुलिस ने बल के साथ जिले के गुण्डा बदमाश व चाकूबाजों के घरों में दबिश देकर 85 बदमाशों को पकड़ा गया। एसएसपी ने बदमाशों की क्लास लेकर कानून व्यवस्था भंग करने पर सख्ती से कार्रवाई करने की चेतावनी दी। उसके बाद 25 बदमाश व 4 अवैध हथियार रखने वालों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

शहर में बढ़ती चाकूबाजी की वारदात को देखते हुए एसएसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर राजपत्रित अधिकारियों ने बल के साथ 22 जून की सुबह चिन्हाकित गुंडा बदमाश, पूर्व में चाकूबाजी की वारदात में पकड़े गए बदमाशों के घरों में दबिश देकर 85 लोगों को पकड़कर पुलिस लाइन लाया गया। एसएसपी श्री सिंह पुलिस लाइन पहुंचकर गुण्डे बदमाश व चाकूबाजी करने वालों की क्लास लेकर चेतावदी दी कि भविष्य में किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि, मारपीट, भय उत्पन्न करने, अवैध हथियार रखने व कानून व्यवस्था भंग करने का प्रयास करने पर उनके विरूद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। आवश्यकता पड़ने पर जिलाबदर, निरोधात्मक कार्रवाई एवं अन्य कठोर कानूनी प्रावधानों के तहत भी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने 25 बदमाशों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई व अवैध हथियार रखे पाए जाने पर



4 बदमाशों के खिलाफ आर्म्स एक्ट की कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया है। वहीं अन्य बदमाशों को चेतावनी देकर छोड़ा गया है। पुलिस की कार्रवाई से बदमाशों में हड़कंप मचा हुआ था।

### पिंजरे से आजाद हुए पेड़

**बिलासपुर।** पौधे जो अब पेड़ बन चुके हैं उन्हें लोहे और तार की जाली से निर्मित पिंजरे से आजाद किया जा रहा है। निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे के निर्देश पर नगर निगम शहर के पेड़ों में लगे पुराने ट्री गार्ड,बोर्ड,कील समेत अन्य जकड़न वाली वस्तुओं को हटा रहा है। इससे पेड़ों को प्राकृतिक रूप से बढ़ने और फैलने का अवसर मिलेगा।





# नमीयुक्त हवाओं ने बदला मौसम का मिजाज

**बिलासपुर।** नमी युक्त हवाओं के प्रवेश के बाद जिले का तापमान बदला है, रविवार की अपेक्षा 5 डिग्री तापमान कम दर्ज की गई और तापमान 38.4 डिग्री जा पहुंचा। इस दौरान जिले के आसपास के क्षेत्रों में हल्की बारिश भी हुई, शहर में महज बुंदाबांदी ही दर्ज की गई।

मौसम ने अचानक बदलाव देखा जा रहा है, मानसूनी हवाओं के आने से पहले मौसम में उटापटक जारी है। सोमवार को आसमान में बादल छाए रहे और दोपहर बाद नमी युक्त हवा चलने लगी, जिससे तापमान में सीधे कमी आई और लोगों को चिलचिलाती गर्मी और उमस से राहत मिल सकी, इस दौरान लोगों को उम्मीद थी कि बारिश होगी लेकिन हर बार की तरह इस बार भी महज बुंदाबांदी ही दर्ज की गई।

**बादलों ने घटाया तापमान**



मौसम विभाग के अनुसार दक्षिण पश्चिम मानसून का प्रवेश दंतेवाड़ा में हो चुका है। ऐसे में मौसमी गतिविधियां तेज हो चुकी है। राजस्थान और उत्तरप्रदेश होते हुए बिहार तक द्रोणिका बन चुकी है। जिसके चलते जिले सहित प्रदेश में हल्की से मध्यम बारिश होने की आंशका है। वहीं इस दौरान 50 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से आंधी चल सकती है। मौसम विभाग ने अलर्ट जारी कर दिया है।

## 668 गांव इन्हीं के भरोसे, 30 सालों से नहीं हुई भर्ती

# 8500 हैंडपंपों की सुधार के लिए पीएचई के पास 15 मैकेनिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिले में जल जीवन मिशन का काम 75 फीसदी ही हो सका है। ग्रामीण इलाकों की आबादी हैंडपंप पर निर्भर है लेकिन हालत ये है कि हैंडपंप एक बार बिगड़ गया तो उसे सुधारने में कई-कई दिन लग जाते हैं। उसकी वजह ये है कि जिले के 8500 हैंडपंपों के सुधार के लिए पीएचई के पास सिर्फ 15 मैकेनिक है। यानी हर एक मैकेनिक के पास 500 हैंडपंपों को सुधारने का जिम्मा है। 30 सालों से भर्ती नहीं होने के कारण विभाग में 200 से अधिक पद रिक्त है। यही वजह है कि ग्रामीण इलाकों की अधिकांश आबादी हैंडपंप के सुधार के लिए प्राइवेट प्लंबर पर निर्भर है।

जल जीवन मिशन का काम अभी भी पूरा नहीं हुआ है। बीते नौ माह में 42591 कनेक्शन ही दिए जा सके हैं। इसी साल 1 जून की स्थिति में जिले में 1 लाख 91 हजार 980 घरों तक टेप नल पहुंच सका है लेकिन इसमें भी कई घरों में पानी नहीं आ रहा है जिसके चलते ग्रामीण इलाकों में लोग हैंडपंप पर निर्भर है। ऐसे में हैंडपंपों को सुधारने के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के हैंडपंप मैकेनिक को ग्रामीण इलाकों के लोग संपर्क करते हैं लेकिन वर्तमान में यह व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है। गर्मी में हालत बद से बदत्तर हो चुकी है। जिले में 70 से अधिक मैकेनिक की जरूरत है लेकिन केवल 15 मैकेनिक के भरोसे काम चलाया जा रहा है, इस दौरान विभाग हेल्पर को गांव भेजकर काम कराने को मजबूर है लेकिन इसके बावजूद गांवों में समस्या जस की तस बनी हुई है। 30 साल पहले विभाग में 40 से अधिक मैकेनिक थे लेकिन समय के साथ ही रिटायर होने के बाद पर रिक्त हो चुके है। खाली पदों पर नई नियुक्तियां नहीं होने से हैंडपंपों के रखरखाव की हालत बेहद खराब है।

### हर मैकेनिक के जिम्मे 500 से अधिक हैंडपंप

जिले में हैंडपंपों के रखरखाव की स्थिति इतनी बिगड़ चुकी है कि एक मैकेनिक के जिम्मे 500 से अधिक हैंडपंप है। ऐसे में साफ है कि एक मैकेनिक अपना काम पूरा नहीं कर पा रहा है। ऐसे तो एक मैकेनिक को तकरीबन 15 गांव में हैंडपंपों के रखरखाव के लिए घूमना पड़ता था लेकिन अब यह स्थिति नहीं है। कई बार सरपंच, पंच और ग्रामीण जनदर्शन में इसकी शिकायत करते है तब जाकर गांवों में पंप का सुधार किया जाता है। विभाग के अधिकारियों का कहना है कि शिकायत मिलने पर ही जा पाते है।



### पाइप,टोटी तक नहीं लगा सका है विभाग

जल जीवन मिशन की हालत जिले में बेहद खराब है। विभाग ने 13 से अधिक ठेकेदारों को ब्लैक लिस्ट कर दिया है जिसके बाद से काम ठप है। हालत यह है कि मिशन का पानी लाने के लिए विभाग के पास फंड नहीं है। फंड नहीं होने के कारण ही ठेकेदारों को भुगतान लंबित है और ग्रामीण क्षेत्रों में पाइप और नल की टोटी तक नहीं लगा सका है । ऐसे में पुराने पंप के भरोसे गांवों में पानी की व्यवस्था होती है। कई बार ग्रामीण स्वयं के पैसे से हैंप पंप सुधरवा रहे है।

### भर्ती प्रक्रिया लंबित

मैकेनिक की कमी तो विभाग में है, लेकिन हमें जैसे ही शिकायत मिलती है, उस गांव में हैंडपंप बनाया जाता है। भर्ती प्रक्रिया लंबित है। व्यापम द्वारा भर्ती की जानी है।

- **अरूण भार्गव,** एसडीओ, पीएचई


ग्लोबल प्रा. आई.टी.आई
ITI AKALTARA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN (2 Year 10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) (1 Year 10th Pass) • FITTER* (2 Year 10th Pass)
मनका दाई मंदिर के पीछे, वार्ड नं. 3, बलोदा रोड, अकलतरा, (जांजगीर-चांपा)
89595-93946 • 89595-44444

## खबर संक्षेप

### कैट पदाधिकारियों ने विधायक अमर और केंद्रीय मंत्री तोखन से लिया आशीर्वाद



**बिलासपुर।** कैट के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जितेंद्र गांधी, राष्ट्रीय सचिव राजू सलूजा, बिलासपुर जिला अध्यक्ष हीरानंद जयसिंह, कोषाध्यक्षआशीष अग्रवाल ने बताया कि कैट युवा टीम का पुनर्गठन के बाद युवा टीम के नवनियुक्त पदाधिकारियों ने कैट बिलासपुर जिला अध्यक्ष हीरानंद जयसिंह और कोषाध्यक्ष आशीष अग्रवाल ने और नवनियुक्त कैट युवा टीम अध्यक्ष भरत ऋषि, युवा सचिव भरत केरवानी एवं कैट युवा टीम के पदाधिकारियों ने विधायक अमर अग्रवाल एवं केंद्रीय मंत्री तोखन साहू से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद लिया। श्री अग्रवाल और केंद्रीय मंत्री तोखन साहू ने बिलासपुर जिला अध्यक्ष हीरानंद जयसिंह और कोषाध्यक्ष आशीष अग्रवाल के व्यापारियों के प्रति समर्पण भाव की सराहना की। बिलासपुर कैट युवा टीम अध्यक्ष भरत ऋषि और कैट युवा टीम बिलासपुर के पदाधिकारियों ने दोहराया कि बिलासपुर के हर छोटे-बड़े व्यापारी के हितों की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहेगे। इस भेंट के दौरान पूर्व युवा अध्यक्ष नमित सलूजा, युवा अध्यक्ष भरत ऋषि , युवा सचिव भरत केरवानी, विशाल विधानी, करण उभरानी, उमंग दुआ, सुमित देवांगन, दिव्यांश अग्रवाल, नितिन साहत्य, दीप मनुराज समुन्दरे आदि मौजूद थे।

### सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा में शामिल होंगी 20 विभूतियां



**बिलासपुर।** संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 22 से 26 जून तक आयोजित 'सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा' में छत्तीसगढ़ के साहित्य, कला, संस्कृति और खेल जगत से जुड़े एक हजार प्रबुद्ध जनों तथा राज्य अलंकरण प्राप्त विभूतियों को आमंत्रित किया गया है। इस यात्रा में सुप्रसिद्ध पंडवानी लोक गायिका पद्मश्री उषा बारले और गायिका मोना सेन सहित कुछ विधायक भी शामिल हैं। रायपुर से एक विशेष ट्रेन 22 जून की दोपहर सोमनाथ के लिए रवाना हो चुकी है। इस ट्रेन को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने हरी झंडी दिखाई। इस अवसर पर संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक और विधायक अनुज शर्मा उपस्थित थे। इस यात्रा में बिलासपुर के 20 विशिष्ट जन शामिल हैं। इनमें कृषि वैज्ञानिक डॉ. विनोद कुमार वर्मा, नृत्यांगना वासन्ती वैष्णव व पंथी नर्तक द्वारिका बर्मन शामिल हैं। इनके साथ ही गायक हिलेन्द्र ठाकुर, अनिल गढ़ेवाल एवं डॉ. उग्रसेन कन्नौजे, रामचरण वस्त्रकार, डॉ. चंद्रशेखर यादव, वासुदेव पाण्डेय, रवि कुमार पैंकरा, मानसी दुबे, कोमल, किशोर सिंह, ताराचंद कौशिक और आँचल पाण्डेय शामिल हैं।

### सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता एवं बिलासा सेवा समिति के पदाधिकारी चयनित



**बिलासपुर।** बिलासा सेवा समिति बिलासपुर द्वारा केवट निषाद समाज के विद्यार्थियों के लिए आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता 21 जून रविवार को बिलासा छात्रावास, लिंगियाडीह में संपन्न हुई। इसमें बिलासा छात्रावास लिंगियाडीह एवं डबरीपारा के अध्ययनरत विद्यार्थियों ने संयुक्त रूप से भाग लिया। इस राशि से प्रतियोगिता में पुरस्कार देकर विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाया जाता है। समिति प्रतिमाह दोनों छात्रावासों के विद्यार्थियों की संयुक्त प्रतियोगिता आयोजित करती है। वर्ष में एक बार दिसंबर माह में राज्य स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित करती है, जिसमें छत्तीसगढ़ के मछुवारा समाज के विद्यार्थी भाग लेते हैं। केवट निषाद समाज द्वारा शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए बिलासा सेवा समिति का गठन किया गया है। प्रतियोगिता के उपरांत बिलासा सेवा समिति के अध्यक्ष, सचिव एवं कोषाध्यक्ष पदाधिकारियों के चयन 3 साल के लिए किया गया। इसमें अध्यक्ष सत्यप्रकाश कैवर्त, सचिव शिवकुमार कैवर्त, कोषाध्यक्षः रामकुमार निषाद शामिल हैं। यह जानकारी काशी कैवर्त ने दी।

### झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ की नव नियुक्त कार्यकारणी ने की विधायक से भेंट




**बिलासपुर।** झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ जिला ग्रामीण के नव नियुक्त कार्यकारिणी सदस्यों ने विधायक सुशांत शुक्ला से भेंट की। इस दौरान श्री शुक्ला ने सभी बीजेपी कार्यकर्ताओ का मार्गदर्शन किया और बीजेपी के नीति रीति नियम के तहत समाज के अंतिम व्यक्ति तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विष्णु देव साय सरकार के जन हितकारी, कल्याणकारी योजनाओं को उन तक पहुंचाने का सभी कार्य कर्ताओ का आह्वान किया। उन्होंने श्रमिक बाहुल्य क्षेत्रों में जाकर पार्टी के योजनाओं का, उनको लाभ कैसे पहुंचे इस पर काम करने को प्रमुखता से आह्वान किया, मुलाकात करने वालों में बिलासपुर संभाग प्रभारी पल्लव धर, प्रदेश कार्य समिति सदस्य बिज्जू राव, संयोजक थानूराम साहू, सह संयोजक ईश्वर प्रसाद यादव, सह संयोजक विवेक पाण्डेय, कोषाध्यक्ष गणेश प्रसाद साहू सह कोषाध्यक्ष विजेंद्र राव भोंसले, जिला कार्यालय मंत्री दिलावर सिंह लोनिया, सह कार्यालय मंत्री नीरज मुदलियार, जिला सोशल मीडिया प्रभारी सोमदत्त पटेल, सह प्रभारी बालेश्वर पाटनवर, अमित साहू, चंद्र कांत शिंदे, शिवनारायण कैवर्थ, मुद्रीका प्रसाद दुबे, देवी प्रसाद द्विवेदी, सदस्य सुरेश पटेल, राजू निर्मलकर, रतिराम साहू, बोधिराम साहू, सुजीत कुमार, बंटी शर्मा, रवि साहू, टिंकू शर्मा, किशन देवांगन, आकाश कछुवाहा, उमेश साहू, दुर्गा बया, प्रवीण यादव उपस्थित थे।

65 वर्ष आयु से अधिक नहीं होना चाहिए | समर्थ पोर्टल में आनलाइन करना होगा आवेदन

# सीयू कुलपति पद के लिए केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय ने 18 जुलाई तक मांगे आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में नए कुलपति के लिए केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा विज्ञापन जारी कर दिया गया है और समर्थ पोर्टल के माध्यम से 18 जुलाई तक इच्छुक शिक्षाविदों को आनलाइन आवेदन करना होगा। कुलपति पद के मापदण्डों के अनुसार 65 वर्ष से अधिक आयु नहीं होना चाहिए और प्रोफेसर के रूप में 10 वर्ष का अनुभव जरूरी है।

केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय के उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा गुरु घासीदास सेंट्रल



यूनिवर्सिटी के कुलपति पद के लिए 19 जून को विज्ञापन जारी किया जा चुका है, जिसकी अंतिम तिथि 18 जुलाई है। कुलपति सेंट्रल यूनिवर्सिटी के अकादमिक के साथ-साथ प्रशासनिक प्रमुख होते है इसलिए कुलपति पद के लिए मापदण्ड तय हैं। इसमें कुलपति पद का उम्मीदवार में सर्वोच्च स्तर की सक्षमता, सत्यनिष्ठा, नैतिकता और संस्था के प्रति प्रतिबद्धता होना चाहिए। इसके साथ ही शिक्षाविद को यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर के रूप में कम से कम 10 वर्ष या फिर किसी अनुसंधान और अकादमिक संगठन में प्रशासनिक नेतृत्व का प्रदर्शन करने के प्रमाण के साथ 10 वर्ष का अनुभव होना चाहिए। कुलपति के उम्मीदवार की आयु 65 वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिए।

### सर्च कमेटी के लिए भेजा गया नामों का पेनल

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के नए कुलपति की तलाश शुरू हो गई है। इसलिए कुलपति सर्च कमेटी के लिए केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा यूनिवर्सिटी से कार्य परिषद नामित सदस्यों का नाम भेजने कहा गया था, जिसपर पिछले सप्ताह कार्य परिषद की बैठक के बाद तीन नामों का पेनल केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय को भेजा जा चुका है और अब दो सदस्य सेंट्रल यूनिवर्सिटी के विजिटर राष्ट्रपति की ओर से नामित होंगे जो कुलपति चयन की पूरी प्रक्रिया करेगी।

### कुलपति का अगले माह समाप्त हो रहा कार्यकाल

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के वर्तमान कुलपति प्रो. आलोक चक्रवाल का कार्यकाल अगले माह 24 जुलाई को समाप्त हो रहा है। उनकी यूनिवर्सिटी में कुलपति पद पर नियुक्ति 24 जुलाई 2021 को हुई थी और यूनिवर्सिटी में उनका 5 वर्ष का कार्यकाल रहा। नियमानुसार पांच वर्ष का कार्यकाल समाप्ति के पहले ही नए कुलपति के लिए आनलाइन आवेदन प्रक्रिया चल रही है।

### समर्थ पोर्टल से आनलाइन आवेदन मंगाया गया

केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय से गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के कुलपति पद के लिए विज्ञापन निकाला जा चुका है और समर्थ पोर्टल के माध्यम से आनलाइन आवेदन मंगाया गया है। उक्त विज्ञापन में कुलपति पद के लिए नियम, शर्ते एवं मापदण्ड दिए हुए हैं।

-प्रो. **मनीष श्रीवास्तव**, मीडिया प्रभारी, सीयू

पाटलीपुत्र सांस्कृतिक विकास मंच की नई कार्यकारिणी का शपथ समारोह

# समाज को जोड़ती है संस्कृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर




पाटलीपुत्र सांस्कृतिक विकास मंच की नवगठित कार्यकारिणी का शपथ समारोह रविवार को छठ घाट परिसर में आयोजित किया गया। इसमें केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने सभी सदस्यों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई और कहा कि संस्कृति समाज को जोड़ने की सबसे बड़ी शक्ति है।

केन्द्रीय मंत्री ने समाजसेवी प्रवीण झा की रामलला यात्रा की सराहना करते हुए नई टीम को शुभकामनाएं दी और कहा कि पाटलीपुत्र मंच सांस्कृतिक चेतना के जरिए नए भारत के सपनों को साकार करने की दिशा में उल्लेखनीय भूमिका निभा रहा है। मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, विधायक अमर अग्रवाल, बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, विधायक धर्मजीत सिंह, केंद्रीय जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष रजनीश सिंह, महापौर पूजा विधानी, दीपक सिंह, एसपी सिंह, व्हीएन झा, नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रवीण झा, पूर्व अध्यक्ष धर्मेंद्र दास, सचिव सुधीर झा मंचासीन रहे। सहसचिव रौशन सिंह ने कहा कि संगठन की सबसे बड़ी पूंजी उसके युवा हैं। समारोह में नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रवीण झा, उपाध्यक्ष ए.के. कंठ, उपाध्यक्ष राम प्रताप सिंह, सचिव सुधीर झा, सहसचिव रौशन सिंह, कार्यालय सचिव रामसखा चौधरी, संगठन सचिव दिलीप चौधरी, कोषाध्यक्ष धनंजय झा, प्रवक्ता द्वय पीसी झा, राजीव गिरी, कार्यकारिणी सदस्य चन्द्र किशोर प्रसाद, अजीत पंडित, महेश झा, प्रमोद सिंह, बैजनाथ यादव, रंजय सिंह, चंदन सिंह, मुकेश झा, धीरज झा, अंबिकेश पांडेय, विकास कुमार राय, शैलेन्द्र सिंह ने शपथ ली। समारोह में समाज के गणेश गिरी, अशोक झा, बीबी तिवारी, राघव झा, नागेंद्र सिंह, विजय ओझा, नारायण ठाकुर, अभय नारायण राय, दयानंद पासवान, कन्हैया चौधरी, एसके सिंह, अरुण, सुनील सिंह, हरिशंकर कुशवाहा, पंकज सिंह, जितेंद्र ठाकुर, जेपी सिंह, कुमुद रंजन सिंह, सपना सराफ, विनोद सिन्हा, सतीश सिंह, शशि मिश्रा, रविंद्र कुशवाहा, मुखदेव यादव, अरविंद, आरेन सिंह, राम गोस्वामी, निर्भय चौधरी, शिवप्रसाद आगरे, दिलीप श्रीवास, राज किशोर श्रीवास, कमलेश सिंह, रुपेश कुशवाहा, श्रवण शर्मा, विनय सिंह, अवधेश गिरी, अनिल, पवन सिंह, शंकर कुंवर, हेमंत झा, विकास, पप्पू सिंह, रामदेव यादव, मिथिलेश ठाकुर, राहुल शर्मा, सन्नी गिरी, अनमोल झा, आशीष चौधरी, केशव झा, कुंदन ठाकुर, अंकित, प्रिंस, प्रदीप, शुभम, आनंद, विद्यानंद, जगदानंद, अछ झा, अभिषेक, आदित्य ठाकुर, कौशल किशोर, अभिलाष झा उपस्थित रहे।

### बन चुकी है राष्ट्रीय स्तर पर पहचान




विधायक अमर अग्रवाल ने कहा कि उन्होंने पाटलीपुत्र मंच की यात्रा को शुरुआती दौर से देखा है। एक छोटे से टेंट से शुरू हुई यह पहल आज राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना चुकी है। उन्होंने कहा कि छठ घाट और छठ महापर्व की चर्चा अब देश भर में होती है। इसके पीछे मंच के कार्यकर्ताओं, समाजजनों और शहरवासियों की वर्षों की मेहनत और समर्पण है। इस दौरान प्रवीण झा का केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू और विधायक अमर अग्रवाल ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

### छठ महापर्व ने बनाई पहचान

बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि नई कार्यकारिणी की टीम संस्कृति के विकास के लिए पूरी ताकत साथ इस कार्यकाल को यादगार बनाएंगे। महापौर पूजा विधानी , तखतपुर विधायक धरमजीत सिंह व नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रवीण झा ने कहा कि पाटलीपुत्र का इतिहास 26 साल पुराना है, शहर में बहुत सारे सामाजिक संस्थाएं है लेकिन शहर के सारे समाज के लिए पाटलीपुत्र सांस्कृतिक विकास मंच हमने बनाया है। छठ महावर्प केवल बिहार व यूपी का नहीं है यह हम सब का है।

# खाद-बीज, बिजली व पानी को लेकर अफसरों को घेरा

**बिलासपुर।** जिला पंचायत में सोमवार को सामान्य सभा की बैठक काफी लंबी करीब चार घंटे तक चली। सामान्य सभा में सदस्यों ने खाद-बीज को लेकर किसानों की समस्या सहित पानी व बिजली सहित अन्य मुद्दों को लेकर विभागीय अधिकारियों को घेरा।

- **करीब चार घंटे तक लंबी चली सामान्य सभा**

सामान्य सभा के लिए 15 एजेंडा निर्धारित किए गए थे, किन्तु उससे अधिक विषयों पर चर्चा हुई।

जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक सोमवार को जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी व सीईओ संदीप अग्रवाल सहित सदस्यों की उपस्थिति में दोपहर करीब साढ़े बारह बजे शुरु हुआ और शाम करीब साढ़े चार बजे तक चली। सामान्य सभा में सबसे पहले कृषि से संबंधित विषयों पर चर्चा हुई, जिसमें सदस्यों ने किसानों को खाद नहीं मिलने और यूरिया एवं सुपर फास्फेट के अलावा डीएपी भी नहीं मिलने की बात को लेकर नाराजगी जाहिर की, उनका कहना था कि किसान खाद नहीं मिलने से परेशान हैं। पीएचई से संबंधित पेयजल के मुद्दे को उठाते हुए सदस्यों ने कहा कि सेंवार, डोढ़की, बरतोरी आदि कई जगहों पर बोर खनन कर दिया गया है, किन्तु उसमें हेंडपंप नहीं लगाया गया है।

### परीक्षा के बाद तक वितरण किया जाता है सायकिल

शिक्षा विभाग की ओर से उपस्थित सहायक संचालक द्वारा सरस्वती सायकिल योजना की जानकारी सदस्यों को दी जा रही थी तभी एक महिला सदस्य ने यह सवाल उठाया कि परीक्षा होने के बाद तक क्यों छात्राओं को सायकिल वितरित किया जाता है। उनका कहना था जब विभाग के पास सायकिल आ जाता है तो पहले ही छात्राओं को सायकिल वितरित कर देना चाहिए। इसी तरह निःशुल्क गणवेश और पाठय पुस्तक वितरण के बारे में बताया गया कि यह अभी प्रक्रियाधीन है।

### शिक्षकों की कमी का भी मुद्दा उठा

जिला पंचायत के सामान्य सभा में सदस्यों की ओर से स्कूलों में शिक्षकों की कमी का मुद्दा भी उठाया गया। सदस्यों का कहना था कि कई जगहों पर हाईस्कूल तो खोल दिए गए हैं, किन्तु वहां पर शिक्षक नहीं है। शिक्षकों की कमी के कारण विद्यार्थियों को दूसरे स्कूलों में जाना पड़ रहा है। इस पर जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी ने शिक्षा विभाग के सहायक संचालक को कहा कि कहां-कहां शिक्षकों की कमी है लिस्ट बनाएं और वहां पर शिक्षकों की व्यवस्था किया जाए। इसी तरह स्कूलों में शौचालय की व्यवस्था बनाने कहा गया है।




# श्री लोहाणा महापरिषद के पदाधिकारियों की रायपुर में बैठक

**बिलासपुर।** श्री लोहाणा महापरिषद जोन-13 की संगठनात्मक बैठक आज रायपुर में हुई। बैठक में जोन-13 के नव-नियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान कर उनके सफल कार्यकाल एवं समाज के प्रति समर्पित सेवा के लिए शुभकामनाएं दी गईं।

बैठक में छत्तीसगढ़ के विभिन्न शहरों रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, राजनांदगांव एवं धमतरी के पदाधिकारियों एवं समाजजनों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। इस अवसर पर संगठन को और अधिक सशक्त बनाने, समाज के प्रत्येक परिवार तक महापरिषद की गतिविधियों को पहुंचाने तथा युवा पीढ़ी एवं महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर विशेष चर्चा की गई। बैठक के दौरान महापरिषद द्वारा संचालित विभिन्न सेवा एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। पदाधिकारियों को





आरोग्य समिति, शिक्षा समिति, मैट्रिमोनियल समिति (लग्न सेतु), महिला समिति, युवा समिति, रोजगार एवं व्यवसायिक मंच सहित समाज हित में संचालित विभिन्न प्रकल्पों एवं योजनाओं की जानकारी दी गई। बैठक में महापरिषद के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष सतीशभाई विठलानी स्वीटजरलैंड से वीडियो कॉल पर संबोधित किया। बैठक में आगामी जुलाई माह में महाराष्ट्र के नासिक में होने वाली राष्ट्रीय स्तर की बैठक का निमंत्रण भी दिया गया।

कार्यक्रम में किशनभाई मिरानी, जोन-13 अध्यक्ष प्रकाशभाई दावड़ा, जोन प्रभारी ललित पुजारा, उपाध्यक्ष भरतभाई ठक्कर, सचिव ललितभाई जोबनपुत्रा, छत्तीसगढ़ राज्य अध्यक्ष शैलेशभाई कारिया, महिला विंग की संरक्षिका प्रफुल्लाबेन मिरानी, महिला विंग से प्रगति बेन मिरानी तथा युवा विंग से दीप्ति बेन मिरानी उपस्थित रहे।

# अप्रारंभ कार्य तत्काल शुरू कराएं, नहीं करने वाले ठेकेदारों को ब्लैक लिस्ट करें

**बिलासपुर।** शहर के प्रमुख प्रोजेक्ट समेत सभी जोन में चल रहें निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे ने जोन कमिश्नर और इंजीनियरों से दो टूक कहा कि वर्क आर्डर के बाद भी काम शुरू नहीं करने और लेटलतीफी करने वाले ठेकेदारों को ब्लैक लिस्ट और पेनाल्टी लगाएं। इंजीनियर फील्ड पर नज़र आए,कार्यों की मॉनिटरिंग करें और गुणवत्ता की लगातार जांच करें,गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर ठेकेदार के साथ इंजीनियरों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

विकास भवन में हुई बैठक में निगम कमिश्नर श्री सर्वे ने सभी जोन के अंतर्गत समस्त निर्माण कार्यों की बिंदुवार समीक्षा करते हुए निर्माणाधीन कार्यों को तीव्र गति से पूरा करते हुए समय सीमा के भीतर के पूर्ण करने के निर्देश दिए और अप्रारंभ कार्यों को शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिए। जितने भी निर्माणाधीन कार्य है वें सभी गुणवत्ता के साथ वर्क आर्डर पर अंकित समय-सीमा के भीतर पूरे होने चाहिए। बैठक में पाया गया कि करोड़ों के कई ऐसे कार्य हैं जो कि शुरू ही नहीं हो सके हैं जबकि इनका वर्क आर्डर हो चुका है। आनाकानी करने वाले ठेकेदारों का वर्क आर्डर निरस्त कर ब्लैक लिस्ट करने कहा गया है। इसके अलावा धीमी गति से कार्य करने वाले ठेकेदारों पर पेनाल्टी लगाने कहा गया है। कमिश्नर ने बरसाती पानी के निकासी के लिए जारी निर्माणाधीन नाले-नालियों को किसी भी सूरत में समय रहते पूर्ण करने के निर्देश दिए है।

सीवी रमन विवि का दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का समापन

# भारतीय ज्ञान परंपरा वर्तमान और भविष्य के लिए मार्गदर्शक शक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

डॉ. सी.वी. रमन विश्वविद्यालय बिलासपुर के भाषा एवं साहित्य विभाग, आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ तथा भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में 19 एवं 20 जून को आयोजित दो दिवसीय अंतर्विषयी अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का समापन हो गया। "भारतीय ज्ञान परंपरा : भाषा एवं साहित्यिक चिंतन की सांस्कृतिक शक्ति" विषय पर केंद्रित इस सम्मेलन में भारत सहित विभिन्न देशों के शिक्षाविदों, शोधार्थियों, साहित्यकारों एवं विद्वानों ने सहभागिता करते हुए भारतीय ज्ञान परंपरा के विविध आयामों पर गंभीर विमर्श किया।

सम्मेलन के प्रथम दिवस का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) प्रदीप कुमार घोष की अध्यक्षता में हुआ। उद्घाटन सत्र में पद्मश्री अगस् इंद्रा उदयान (संस्थापक,



आश्रम गांधी पुरी, बाली, इंडोनेशिया), पूर्व कुलपति प्रो. एन.डी.आर. चंद्रा, प्रो-वाइस चांसलर डॉ. जयति चटर्जी, कला संकाय के डीन प्रो. वेद प्रकाश मिश्रा तथा सम्मेलन संयोजक डॉ. गुरप्रीत कौर उपस्थित रहीं। उद्घाटन सत्र में भारतीय ज्ञान परंपरा की वैश्विक प्रासंगिकता, भाषा और साहित्य की सांस्कृतिक भूमिका तथा शिक्षा के भारतीय दृष्टिकोण पर विस्तार से चर्चा की गई। अध्यक्षीय उद्बोधन में कुलपति प्रो. (डॉ.) डा. घोष ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा केवल अतीत की धरोहर नहीं बल्कि वर्तमान और भविष्य के लिए मार्गदर्शक शक्ति है। उन्होंने कहा कि भारतीय भाषाएं, साहित्य और सांस्कृतिक चिंतन मानवता को नैतिकता, सह-अस्तित्व और ज्ञान के उच्च आदर्श प्रदान करते हैं। पद्मश्री अगस् इंद्रा उदयान ने कहा कि भारतीय संस्कृति और गांधीवादी चिंतन विश्व के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। पूर्व कुलपति प्रो. एन.डी.आर. चंद्रा , प्रो-वाइस चांसलर डॉ. जयति चटर्जी, प्रो. वंदना मुखेश, प्रो. एन.डी.आर. चंद्रा, डॉ. प्रेरणा मल्होत्रा, डॉ. श्याम नारायण पांडे, प्रो. अरुण कुमार पांडे तथा डॉ. रितुराज आनंद ने भारतीय ज्ञान परंपरा, भाषा, साहित्य, संस्कृति, शिक्षा और समकालीन वैश्विक चुनौतियों से जुड़े विषयों पर अपने विचार रखे। द्वितीय दिवस की मुख्य अतिथि लंदन (यू.के.) की पूर्व मेयर एवं काउंसलर अंजना पटेल ने कहा कि भारतीय भाषाएं और संस्कृति विश्वभर में बसे भारतीय समुदाय की पहचान का आधार हैं।प्रो. जवाहर कर्णावत ने कहा कि भाषा किसी भी राष्ट्र और संस्कृति की आत्मा होती है। डॉ. सुधीर शर्मा ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा वैज्ञानिक दृष्टि, नैतिक मूल्यों और मानवीय संवेदनाओं का अद्भुत समन्वय प्रस्तुत करती है।

### देसहा यादव समाज के दिलीप अध्यक्ष व हेमंत महासचिव बने

**बिलासपुर।** जिला देसहा यादव समाज के तदर्थ समिति का गठन किया गया। जिसके अध्यक्ष दिलीप यादव (मस्तूरी) बनाए गए। वहीं उपाध्यक्ष उदे राम यादव (उच्चभट्ठी), लतेल राम यादव (बैमा), बोधराम यादव (जलसों), सीखी यादव (टिकरापारा), महासचिव हेमंत यादव (घुटकू), सचिव शंकर यादव(तोरवा), सुजीत यादव(मंगला), योगेश यादव (बिल्हा), प्रकाश यादव (जबड़पारा),कोषाध्यक्ष नीरज यादव तथा विशेष सलाहकार शिवशंकर यादव, अनिल यादव, कृष्ण कुमार यादव प्रमुख हैं। समिति ने यह निर्णय लिया है कि जिला में निवासरत प्रत्येक देसहा यादव बंधुओं के घर से एक सदस्य बनाया जाएगा। उसके बाद सर्वसहमति से जिला पदाधिकारियों का गठन किया जाएगा।





हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, मंगलवार 23 जून 2026

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255



## योग को जीवन का अभिन्न अंग बनाएं

पंडित सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय, छत्तीसगढ़, बिलासपुर के योग विज्ञान विभाग द्वारा महामाया भवन स्थित योग कक्ष में 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का गरिमामय आयोजन किया गया। इस वर्ष की थीम स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग रही। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वीरेन्द्र कुमार सारस्वत मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ, संतुलित एवं अनुशासित जीवन जीने की भारतीय जीवन-पद्धति है। कुलपति प्रो. सारस्वत ने कहा कि आज योग विश्वभर में भारत की सांस्कृतिक विरासत के रूप में स्थापित हो चुका है। वसुधैव कुटुम्बकम और सर्वे भवन्तु सुखिन जैसे भारतीय आदर्श योग के माध्यम से ही साकार हो सकते हैं। योग व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक विकास का सशक्त माध्यम है तथा वर्तमान समय की तनावपूर्ण जीवनशैली में यह स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवन का सबसे प्रभावी मार्ग है। कुलसचिव चन्द्र भूषण मिश्र ने संबोधन में कहा कि योग व्यक्ति को शारीरिक और मानसिक रूप से सशक्त बनाता है तथा जीवन में अनुशासन, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच विकसित करता है।



## रामा लाइफ क्लब ने मनाया विश्व योग दिवस



लाफ्टर महासंघ एवं नवजीवन हास्य योग केन्द्र के सहयोग से 21 जुन को पंडित दीनदयाल उपाध्याय गार्डन में योग दिवस मनाया गया। रामा लाइफ लाफ्टर क्लब की अध्यक्षा वर्षा कोन्हेर ने बताया की बिलासपुर के सभी लाफ्टर क्लब ने योग दिवस में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। जिसमें रामा लाइफ लाफ्टर क्लब के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। जिसमें संरक्षक अरविंद कोन्हेर, अवधेश तिवारी, विभुति नारायण तिवारी,अर्णव विश्वकर्मा,मंजु विश्वकर्मा, संध्या केशरवानी, ममता शर्मा एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## श्री स्पेशल केयर सेंटर में योग

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर श्री राम मंदिर के पास तिलक नगर स्थित श्री स्पेशल केयर सेंटर में योग एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संचालन योग प्रशिक्षक मनीष सिंह द्वारा किया गया, जिन्होंने बच्चों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों को विभिन्न योगासनों, प्राणायाम तथा ध्यान की विधियों का अभ्यास कराया। कार्यक्रम में संस्था की प्राचार्य एवं संस्थापिका डॉ सुजाता वाजपेई विशेष रूप से उपस्थित रहीं। प्राचार्य शिवानी विठालकर ने बताया कि विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के सर्वांगीण विकास में योग की महत्वपूर्ण भूमिका है, जिससे उनकी एकाग्रता, शारीरिक क्षमता एवं भावनात्मक संतुलन में वृद्धि होती है। कार्यक्रम में संस्था के विशेष शिक्षक उमेश नवरंग,आरती साहू, चंचल शर्मा, पदमा शिवणकर, नीमा मानेश्वर, ज्योति यादव, वर्षा कोरी मौजूद रहे।



## बिरला ओपन माइंड्स स्कूल में योगशाला



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बिरला ओपन माइंड्स इंटरनेशनल स्कूल, में भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। तत्पश्चात इस कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित योग शिक्षिका भावना तोलानी ने सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों, अभिभावकों एवं समस्त स्टाफ सदस्यों को योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया। विद्यालय की मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ रेशु जैन ने अपने संदेश में कहा कि योग भारत की प्राचीन एवं अमूल्य धरोहर है, जो तन, मन और आत्मा के संतुलन का माध्यम है। उन्होंने सभी को नियमित योगाभ्यास अपनाने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय की प्रिंसिपल सुतापा सरकार ने कहा कि योग स्वस्थ एवं अनुशासित जीवन की आधारशिला है। उन्होंने विद्यार्थियों एवं अभिभावकों की सक्रिय सहभागिता की सराहना करते हुए इसे विद्यालय और परिवार के बीच सकारात्मक सहयोग का उदाहरण बताया।

## यदुनंदन नगर बस्ती में सामूहिक योगाभ्यास



विश्व योग दिवस पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ यदुनंदन नगर बस्ती के शिव शाखा में मुख्य शिक्षक रतन लाल साहू ने शाखा के स्वयंसेवकों को सामूहिक योग अभ्यास कराया।वक्ता किशन साहू ने योग के महत्व पर अपना उद्बोधन दिया इस अवसर पर बस्ती प्रमुख नीरज यादव समेत शाखा के स्वयंसेवकों, गण मान्य नागरिक एवं बाल स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## आदर्श महाविद्यालय में योग



स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं क्रीडा विभाग के संयुक्त तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाया गया। योग का शुभारंभ क्रीड़ा अधिकारी ज्योति यादव के द्वारा योगासन कराया गया, उसके पश्चात वरिष्ठ अध्यापक डॉ आर के सचदेव के द्वारा प्राणायाम कराया गया एवं प्राणायाम के संबंध में होने वाले लाभों के बारे में विस्तार पूर्वक समझाया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ यूके श्रीवास्तव के द्वारा ध्यान कराया गया। योग के अंत में महाविद्यालय की एनएसएस प्रभारी द्वारा सभी छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों का धन्यवाद व्यापित किया गया। उक्त कार्यक्रम में डॉक्टर प्रेमलता वर्मा डॉ संजय धनवानी प्रो बी के त्रिपाठी, प्रो प्रकाश त्रिपाठी, राजेश राज, गिरधारी सलाम,राजेश यूके, सौरभ साहू, कुमारी हिमांशी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे ।

# भीमसेनी एकादशी 25 को, श्रद्धालु रखेंगे निर्जला व्रत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

■ 24 एकादशियों के समान देता है पुण्य, फल

**ज्येष्ठ माह की शुक्ल पक्ष एकादशी तिथि को निर्जला एकादशी का व्रत रखा जाता है। इसे भीमसेनी एकादशी भी कहते हैं। इस बार यह एकादशी व्रत 25 जून गुरुवार को रखा जाएगा। व्रत का पारण समय अगले दिन 26 जून शुक्रवार को प्रातः सूर्योदय से लेकर साढ़े 8 बजे तक किया जा सकेगा।**

भीमसेनी एकादशी जिसे निर्जला एकादशी भी कहते हैं, ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी को मनाई जाती है। इसका सबसे बड़ा महत्व यह है कि यह वर्ष की सभी 24 एकादशियों के समान पुण्य फल देती है। पौराणिक कथा के अनुसार इस व्रत में पानी पीना वर्जित होता है। जो भक्त पूरे साल की एकादशी नहीं कर पाते वे केवल इस एक व्रत के पुण्य से वर्ष भर के व्रत का लाभ पा सकते हैं। इस दिन जल से भरा घड़ा,



मौसमी फल और वस्त्र जरूरतमंदों को दान करने का विशेष महत्व है। इस दिन भगवान विष्णु की पूजा और ॐ नमो भगवते वासुदेवाय का जप करना कल्याणकारी माना जाता है। निर्जला एकादशी उपवास से जल की वास्तविक अहमियत का पता चलता है। जल संरक्षण के महत्व का ज्ञान मिलता है। जिससे मन में जल संरक्षण की भावना उत्पन्न होती है। माना जाता है कि महाभारत काल में इसे भीम ने किया था।

### स्नान के बाद करें व्रत का संकल्प



श्री सिद्ध तंत्र पीठ भैरव मंदिर रतनपुर के महंत पं. जागेश्वर अवस्थी ने बताया कि निर्जला एकादशी के दिन स्नानादि के बाद व्रत का संकल्प करना चाहिए। निर्जला एकादशी व्रत में किसी प्रकार का अन्न व जल ग्रहण नहीं करने का विधान है। यदि बिना कुछ खाए-पिए नहीं रह सकते तो दिन में फल, दूध, मेवा ग्रहण कर सकते हैं। इसे ग्रहण करने से पहले भगवान को भोग लगाए। उसमें तुलसी दल जरूर डालें। इस दिन सबसे पहले घर के मंदिर में गाय के घी का दीपक जलाएं। भगवान श्री विष्णु का गंगा जल से अभिषेक करने के बाद फूल और तुलसी पत्र चढ़ाएं। अंत में आरती कर निर्जला एकादशी व्रत कथा सुनें। इस दिन भगवान श्री विष्णु के साथ ही माता लक्ष्मी की पूजा करना भी फलदायी होती है।

# सत्संग में भक्तिमय भजनों की प्रस्तुति

**बिलासपुर।** आर्य समाज बहतराई रोड में साप्ताहिक यज्ञ, सत्संग का कार्यक्रम हुआ। जिसमें यज्ञ के बाद प्रमोद गुप्ता ने भक्तिमय भजन प्रस्तुत किया। सत्यार्थ प्रकाश का अध्ययन हुआ। अनुश्रुत आर्य मुख्य यजमान रहे। उन्होंने हवन कर अपना जन्मदिन मनाया।

आचार्यजी ने शरीर की चार अवस्थाओं को समझाया। पहले 25 वर्ष तक शरीर की वृद्धि होती है। 25 से 26 वर्ष में यौवन अवस्था होती और 26 से 40 वर्ष तक शरीर की संपूर्णता होती है। इसके बाद शरीर क्षीण होने लगता है। उम्र के हिसाब से यदि रहन-सहन खान-पान करें तो व्यक्ति दीर्घायु को प्राप्त करता है। उन्होंने दो महान विभूति झांसी की रानी लक्ष्मीबाई व राजमाता जीजाबाई के बारे में बताया। इन दोनों ही महान आत्माओं ने अपना





सर्वस्व देश के लिए लगा दिया। झांसी की रानी लक्ष्मीबाई ने अंग्रेजों से देश की गुलामी को स्वतंत्र कराने लड़ते हुए प्राण गवां दिए। वहीं मुगलों के अत्याचार से इस भारत भूमि को मुक्त करने के लिए जीजा भाई ने पति से अलग रहते हुए अपने पुत्र छत्रपति शिवाजी को बचपन से ही देशभक्ति, राष्ट्रभक्ति की सीख देकर उन्हें साहसी बनाया। जीजा बाई के त्याग, तप और विद्वत्ता के कारण हिंदू स्वराज की मशाल को जलाने छत्रपति शिवाजी महाराज तैयार हुए।

कहा जाता है कि माता जीजाबाई ने शिवाजी में इतना आत्म बल भर दिया था कि 11 साल की उम्र में ही शिवाजी ने तोरना किले को जीत लिया था। आर्य समाज के अध्यक्ष रूपलाल चावला ने आह्वान किया कि हर रविवार को हवन, सत्संग में सपरिवार आकर बच्चों में संस्कार देने का प्रयास करें। महिला समाज की मुखिया विधि बत्रा ने बताया कि महिला सत्संग के माध्यम से सनातन वैदिक संस्कृति और सभ्यता के बारे में बताया जाता है।



# अरपा अर्पण महाअभियान ने किया 500 पौधे का रोपण

**बिलासपुर।** अरपा अर्पण महाअभियान जन आंदोलन द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी रविवार को पौधारोपण महायज्ञ का आयोजन किया गया। महाअभियान के अध्यक्ष श्याम मोहन दुबे ने बताया की 500 नग पौधे बिलासा ताल के सामने नये कमिश्नर कार्यालय के पीछे माँ अरपा के तट पर स्थित शहीद वाटिका में रोपे गये। डॉ राजेन्द्र जोशी के द्वारा माँ अरपा की पूजा -अर्चना करने के पश्चात मुख्य अतिथि के रूप मे अपर कमिश्नर खजॉची कुम्हार,अतिथि गण छॉलीवूड के सुपर स्टार अखिलेश पाण्डेय,नायब तहसीलदार ओ पी चंद्रवंशी व जोन कमिश्नर प्रवेश कश्यप की उपस्थिति में पौधारोपण आरंभ हुआ। प्रतिवर्ष महाअभियान द्वारा पौधारोपण महायज्ञ का आयोजन किया जाता है, बल्कि आस-पास जिले के लोग भी शामिल होते हैं और माँ अरपा के तट पर पौधे लगाते हैं। अरपा अर्पण महाअभियान समिति द्वारा सिर्फ पौधारोपण नहीं किया जाता है बल्कि वर्ष भर पौधों का देखभाल और संरक्षण भी किया जाता है। विगत दस वर्षों में सर्वेश्वरी आश्रम कोनी से अपना ढाबा तक श्रीराम जानकी वाटीका, फेस-3,4 व 5 माँ अरपा के पर तथा शहर के भीतर सड़कों के किनारे व डिवाइडर पर आईटीआई गेट से लेगकर बिलासाताल,लोधी पारा,महामाया चौक, सुभाष चौक से रामसेतु चौक व सिम्स के पिछे रिव्हर व्यू रोड व माँ अरपा के तटों पर लगभग तीस हजार पौधे रोपे जा चुके हैं जो अब बड़े हो गये और पर्यावरण संतुलन में अपना योगदान दे रहे हैं। अरपा अर्पण महाअभियान द्वारा इस वर्ष प्रथम चरण मे अर्जुन के 200 पौधे, नीम के 150 पौधे करंज के 150 पौधे रोपे जाएगा। सुरक्षा घेरा का निर्माण दुरूस्त किया गया है, पौधों के सिंचाई की व्यवस्था भी सुनिश्चित कराई गई है।



# नीम करोली बाबा की स्मृति में पूजा, महाआरती

**बिलासपुर।** नीम करोली बाबा की जयंती पर उनके भक्तों ने रामा मैग्नेटो मॉल के सामने पूजा, महाआरती कर भोग प्रसाद का वितरण किया।

बताया जाता है कि नीम करोली वाले बाबा ने 1960 के दशक में नैनीताल के पास 'कैंची धाम' आश्रम की स्थापना की थी। यह स्थान आज भी दुनिया भर के भक्तों का प्रमुख आध्यात्मिक केंद्र है। बाबा ने अपने जीवन में कई हनुमान मंदिरों का निर्माण करवाया और हमेशा 'सबको प्यार करो, सबकी सेवा करो' का संदेश दिया। नीम करोली बाबा एक महान संत थे। उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद में जन्मे लक्ष्मण नारायण शर्मा ने 17 वर्ष की उम्र में घर त्याग दिया था। एक बार ट्रेन में बिना टिकट यात्रा करने पर टीटीआई ने उन्हें उतार दिया था। जिसके बाद ट्रेन उनकी आज्ञा के बिना आगे नहीं बढ़ी। इसी घटना के बाद से उन्हें 'नीम करोली बाबा' कहा जाने लगा। 11 सितंबर 1973 को वृंदावन में नीम करोली बाबा ने अपना शरीर त्याग दिया। उनके अनुयायी आज भी उन्हें अपने जीवन में महसूस करते हैं। भोजन वितरण कार्य में सतीश सिंह, विकास शुक्ला, राजू गुप्ता, सुनील सिंह, कृष्ण मोहन पांडेय, पंकज तिवारी, रंगानादम, शाहिद सहित अन्य सैकड़ो भक्तों का सहयोग रहा।

# अपील दाखिल करने की व्यवहारिक समस्या समाधान पर कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जीएसटी अपलेट त्रिबुनल बार एसोसिएशन शाखा सीआईआरसी ऑफ आईसीएएल के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को आईसीएएल ब्रांच व्यापार विहार में जीएसटी अपलेट त्रिबुनल आउटरीच वर्कशॉप आयोजित की गई।

इसमें प्रतिभागियों ने जीएसटी से संबंधित विभिन्न व्यवहारिक विषयों पर विचार-विमर्श किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण में अपील दायर करने की प्रक्रिया, व्यवहारिक कठिनाइयों, ई-फाइलिंग प्रणाली तथा नवीन प्रक्रियात्मक नियमों के संबंध में कर





पेशेवरों एवं करदाताओं को मार्गदर्शन प्रदान करना था। कार्यक्रम में जीएसटी छत्तीसगढ़ पीठ के सदस्यों ने सहभागियों के साथ संवाद स्थापित करते हुए अपील प्रक्रिया से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डाला। प्रदीप कुमार व्यास न्यायिक सदस्य, सतीश कुमार अग्रवाल तकनीकी सदस्य (केंद्रीय) तथा चंद्रभूषण सिंह, तकनीकी सदस्य (राज्य) ने अपने विचार व्यक्त किए एवं प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया। रायपुर से आए प्रवक्ता सीए जितेंद्र सिंह खनूजा ने जीएसटी रायपुर पीठ के संचालन के पश्चात संभावित अपीलों की बढ़ती संख्या, ई-फाइलिंग पोर्टल के प्रभावी उपयोग, जीएसटीएटी नियम की प्रमुख विशेषताओं तथा अपीलों में होने वाली सामान्य त्रुटियों से बचने के उपायों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि उचित दस्तावेजीकरण एवं प्रक्रियात्मक अनुपालन से अपीलों का त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण संभव हो सकेगा।

कार्यक्रम के आयोजन में एसोसिएशन के अध्यक्ष सीए समीर सिंह, कार्यक्रम के समन्वयक सीए ओम प्रकाश मोदी, आईसीएएल बिलासपुर शाखा के चेयरपर्सन सीए मंगलेश कुमार पांडेय, सचिव सीए उदय कांत चौरसिया सहित शाखा एवं बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों, सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

# एम्स कॉमन रिक्रूटमेंट एग्जाम के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू, 1484 पदों पर होगी भर्ती

**बिलासपुर।** एम्स कॉमन रिक्रूटमेंट एग्जाम सीआरई-5 के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू हो गई है। जो उम्मीदवार ग्रुप-बी और सी के पदों पर नौकरी करना चाहते हैं। वे उम्मीदवार एम्स सीआरई-5 के लिए आवेदन कर सकते हैं। इस भर्ती अभियान के तहत ग्रुप-बी और सी के कुल 1484 पदों पर भर्ती की जाएगी।

योग्य उम्मीदवार ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया को पूरा कर सकते हैं। सीआरई-5 में आवेदन करने की लास्ट डेट 30 जून निर्धारित की गई है। इसके अलावा, सीबीटी परीक्षा का आयोजन 25 से 27 जुलाई के





बीच किया जाएगा। परीक्षा में प्रत्येक सवाल चार अंकों का होगा। परीक्षा में गलत उत्तर के लिए एक-चौथाई अंक की नेगेटिव मार्किंग भी की जाएगी। परीक्षा में पास होने के लिए जनरल और ईडब्ल्यूएस कैटेगरी के उम्मीदवारों को 40 प्रतिशत अंक, ओबीसी उम्मीदवारों को 35 प्रतिशत अंक और एससी एवं एसटी उम्मीदवारों को 30 प्रतिशत अंक प्राप्त करने होंगे।

स्पोटर्स न्यूज

# मौसाजी जायंट्स बने चैंपियन फाउंडेशन वॉरियर्स उपविजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बेसबॉल प्रीमियर लीग के अंतिम दिवस रोमांच, संघर्ष और खेल भावना से भरपूर मुकाबले देखने को मिले। दिन के पहले मैच में तीसरे स्थान के लिए माँ कामाख्या चैलेंजर्स और लक्ष्मी स्पोर्ट्स फाइटर्स आमने-सामने हुए। शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए लक्ष्मी स्पोर्ट्स फाइटर्स ने 3-1 के स्कोर से जीत दर्ज कर प्रतियोगिता में तीसरा स्थान हासिल किया,जबकि माँ कामाख्या चैलेंजर्स चौथे स्थान पर रही।

आयोजन सचिव अख्तर खान ने बताया कि फाइनल मुकाबले में अदिति के रूप में प्रिंस भाटिया अध्यक्ष फाउंडेशन क्रिकेट अकादमी डॉक्टर पलक जायसवाल अध्यक्ष जीटीबी ग्रुप का कॉलेज निखिल खंडेलवाल मिताली घोष शंकर यादव जावेद अली मौजूद थे। मौसाजी जायंट्स ने जीता खिताब इसके पश्चात सभी की निगाहें फाइनल मुकाबले पर टिकी थीं, जिसमें



फाउंडेशन वॉरियर्स और मौसाजी जायंट्स आमने-सामने थे। मुकाबला शुरू से ही बेहद रोमांचक रहा। पहली इनिंग में फाउंडेशन वॉरियर्स ने दो रन बनाकर 2-0 की बढ़त बनाई, लेकिन दूसरी इनिंग में मौसाजी जायंट्स ने शानदार वापसी करते हुए दो रन बनाकर स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया। निर्णायक अंतिम इनिंग में फाउंडेशन वॉरियर्स ने एक रन बनाकर 3-2 की बढ़त हासिल की, लेकिन मौसाजी जायंट्स के खिलाड़ियों ने अदम्य साहस और जुझारूपन का परिचय देते हुए अंतिम अवसर में दो महत्वपूर्ण रन बनाकर स्कोर 4-3 कर दिया। इसके बाद शानदार फील्डिंग करते हुए फाउंडेशन वॉरियर्स के तीन बल्लेबाजों को आउट कर मैच अपने नाम कर लिया। इस प्रकार मौसाजी जायंट्स ने 4-3 से रोमांचक जीत दर्ज करते हुए बिलासपुर बेसबॉल प्रीमियर लीग का खिताब अपने नाम किया, जबकि फाउंडेशन वॉरियर्स उपविजेता रहे।



अंडर-13 जिला स्तरीय प्रतियोगिता

# शतरंज में सार्थक व सारांश ने बनाई जगह

जिला शतरंज संघ के तत्वावधान में अंडर- 13 आयु वर्ग के खिलाड़ियों के लिए जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन तोरवा में किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य जिले के प्रतिभाशाली शतरंज खिलाड़ियों आगामी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता चयन करना था। इस एक दिवसीय प्रतियोगिता में कुल 39 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता फिडे के नियमों के अनुसार 6 चक्रों में संपन्न हुई, इस प्रतियोगिता में अंडर-13 बालक वर्ग में प्रथम स्थान सार्थक देशमुख ने प्राप्त किया और द्वितीय स्थान सारांश दुबे ने प्राप्त किया। उसी प्रकार बालिका वर्ग में प्रथम स्थान शिवांगी सोनी ने प्राप्त किया और द्वितीय स्थान संबोधि सिंह ने प्राप्त किया।

इन सभी चारो विजेताओं का चयन आगामी आयोजित राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता रायपुर जो कि 11और 12 जुलाई के लिए किया गया है,जहाँ वे बिलासपुर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। सभी विजेताओं को मेगा ट्रॉफी तथा सभी प्रतिभागियों को मोमेंटो प्रदान किया गया।

मंच पर मुख्य अतिथि मनीष उभरानी तथा विशिष्ठ अतिथि संजय बरनवाल, संघ के सचिव विक्रांत कक्कड़ उपस्थित रहे। इस प्रतियोगिता का संचालन मुख्य निर्णायक संदीप मिश्रा, सहायक निर्णायक लोकेश पांडे द्वारा अत्यंत सुचारू एवं निष्पक्ष रूप से किया गया। संघ के उपाध्यक्ष गुरुद्वीप सिंह आज़मानी एवं अध्यक्ष राकेश शर्मा के द्वारा चयनित खिलाड़ियों को राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी गईं।

## खबर संक्षेप

### हाईमास्क लाइट से 19 धार्मिक स्थल होंगे रोशन

**लोरमी।** क्षेत्रीय विधायक एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव के प्रयास से क्षेत्र के 19 ग्रामों के धार्मिक स्थलों में 1 करोड़ 16 लाख 5 हजार के लागत से सौर ऊर्जा संचालित हाईमास्क सोलर लाइट से जगमग होंगे। गांवों में सुरक्षा, सुविधा और विकास के लिए बड़ा कदम है। बताया जा रहा है कि प्रत्येक सौर ऊर्जा यूनिट में लगभग 5 लाख 35 हजार खर्च आएगी। अरुण साव ने कहा क्षेत्र में धार्मिक स्थलों पर यह हाईमास्क लाइट से सुसज्जित होंगे। क्षेत्र में धार्मिक स्थलों का भी कायाकल्प होंगे। मिली जानकारी के अनुसार नगर पालिका क्षेत्र ब्राह्मण पारा स्थित मां महामाया मंदिर परिसर, गांधीडीह, वार्ड नं. 08.के महामाया मन्दिर, नगर प्रसिद्ध शिवघाटपरिसर, ग्रा.पं. महामाई के दुर्गा मंदिर,मोहडंडा दुर्गा मंदिर, ग्राम खुड़िया दुर्गा मंदिर, विचारपुर सिद्ध बाबा मंदिर, ग्राम सारधा के श्री राम जानकी मंदिर, कारीडोंगरी सिद्ध बाबा मंदिर, डोंगरीगढ़ के महामाया मंदिर, क्षेत्र पण्डरिया ब्लाक के ग्राम गौरकापा शिव मंदिर में स्वीकृत प्रदान किया गया है।

### ट्रैक्टर की टक्कर से एक्टिवा सवार युवक की मौत

**कोरबा।** उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत सक्ति मुख्यमार्ग पर सोमवार को एक ट्रैक्टर चालक ने एक एक्टिवा सवार युवक को अपनी चपेट में लिया जिससे युवक मौके पर ही मौत हो गई। घटना उरगा थाना क्षेत्र के तिलकेजा और आमापाली गांव के बीच की है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, एक्टिवा सवार युवक कोरबा की ओर से आ रहा था। इसी दौरान सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर सीजी 11 एएच 8945 ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि एक्टिवा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और युवक उछलकर दूर जा गिरा। सिर में गंभीर चोट लगने के कारण उसकी मौके पर मौत हो गई।

### जादू-टोना के शक में महिला पर जानलेवा हमला

**कटघोरा।** कटघोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लखनपुर में अंधविश्वास के चलते एक सनसनीखेज घटना सामने आई है। जादू-टोना करने के शक में एक युवक ने सो रही बुजुर्ग महिला भरतीन बाई उम्र लगभग 60 वर्ष पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में महिला के सिर और कंधे पर गंभीर चोटें आई हैं। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही कटघोरा पुलिस मौके पर पहुंची और गंभीर रूप से घायल महिला को तत्काल कटघोरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां उसका उपचार जारी है। महिला की हालत गंभीर बताई जा रही है। कटघोरा थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए त्वरित कार्रवाई करते हुए कुछ ही घंटों के भीतर नाबालिग आरोपी को हिरासत में ले लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। उसने पुलिस को बताया कि उसे बुजुर्ग महिला पर जादू-टोना करने का शक था, जिसके कारण उसने इस वारदात को अंजाम दिया।

## निधन

### रंजीत तिर्की



**बिलासपुर।** अन्नपूर्णा विहार सेक्टर 2 निवासी 49 वर्षीय कैरम के राष्ट्रीय खिलाड़ी रंजीत तिर्की का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार अन्नपूर्णा विहार तोरवा मुक्तिधाम पानी टंकी के पास 23 जून को दोपहर 12 बजे किया जाएगा।

### संतोष कुमार चंदेल



**रतनपुर।** नगर के प्रतिष्ठित नागरिक मनोहर लाल चंदन के पुत्र संतोष कुमार चंदेल का 58 वर्ष की आयु में सोमवार को निधन हो गया। वे कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। उनका अंतिम संस्कार 23 जून की सुबह 10 कृष्णार्जुनी मुक्तिधाम में किया जाएगा।

### हर्षवर्धन सिंह



**बिलासपुर।** मिनोचा कालोनी निवासी हर्षवर्धन सिंह का 22 जून को निधन हो गया। वे 59 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार 23 जून को पुरी उड़ीसा के स्थानीय मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे सुप्रिया ठाकुर के पति थे।

## क्रॉस वोटिंग बनी सहारा, समर्थकों ने मनाया जश्न

# अविश्वास प्रस्ताव से बची जनपद पंचायत अध्यक्ष भारद्वाज की कुर्सी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोटा

जनपद पंचायत कोटा में अध्यक्ष सूरज साधेलाल भारद्वाज के खिलाफ लाया गया अविश्वास प्रस्ताव सोमवार को आवश्यक बहुमत नहीं जुटा सका। दिलचस्प राजनीतिक घटनाक्रम और क्रॉस वोटिंग के चलते अध्यक्ष अपनी कुर्सी बचाने में सफल रहीं। परिणाम घोषित होते ही समर्थकों और कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल बन गया। जनपद कार्यालय परिसर के बाहर ढोल-नगाड़ों की थाप पर समर्थक झूमते नजर आए, वहीं आतिशबाजी कर एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत का जश्न मनाया गया।

जनपद पंचायत कोटा में कुल 25 सदस्य हैं, जिनमें अध्यक्ष सहित 19 सदस्य भारतीय जनता पार्टी और पांच सदस्य कांग्रेस से जुड़े हैं। अध्यक्ष के खिलाफ भाजपा और कांग्रेस के कुल 22 जनपद सदस्यों ने अविश्वास प्रस्ताव पेश



किया था। पिछले कई दिनों से इस प्रस्ताव को लेकर क्षेत्र की राजनीति गरमाई हुई थी और सभी की निगाहें मतदान के परिणाम पर टिकी थीं। अविश्वास प्रस्ताव की कार्रवाई को रोकने के लिए अध्यक्ष सूरज साधेलाल भारद्वाज ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर मतदान पर स्थगन की मांग की थी, लेकिन न्यायालय से राहत नहीं मिलने के बाद बिलासपुर कलेक्टर के निर्देश पर सोमवार को मतदान की प्रक्रिया संपन्न कराई गई। तखतपुर एसडीएम को निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया था, जिनकी देखरेख में पूरी प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। मतगणना के दौरान सबसे अहम पहलू क्रॉस वोटिंग का रहा। अध्यक्ष को अपना पद बचाने के लिए न्यूनतम सात मतों की आवश्यकता थी, लेकिन उन्हें नौ मत प्राप्त हुए। वहीं अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में 16 मत पड़े। निर्धारित प्रावधानों के अनुसार प्रस्ताव आवश्यक बहुमत हासिल नहीं कर सका और इस तरह सूरज साधेलाल भारद्वाज अध्यक्ष पद पर बनी रहीं।

# ग्रामीणों ने कराई तालाब की शादी दिया जल संरक्षण का संदेश

**तखतपुर।** गिरधौना में ग्रामीणों ने 5 लाख रुपये की लागत से बने नए तालाब की शादी का आयोजन किया। जल संरक्षण और पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ग्रामीणों द्वारा तालाब का विवाह बड़े उत्साह और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न कराया गया। इस अनूठे आयोजन में ग्रामीणों ने भाग लिया।

कार्यक्रम में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विवाह की सभी रस्में पूरी की गईं। ग्रामीणों ने बारात निकाली, मंगल गीत गाए और जल स्त्रोतों के संरक्षण का संकल्प लिया। आयोजन का उद्देश्य लोगों को जल संकट के प्रति जागरूक करना तथा वर्षा जल संचयन एवं तालाबों के संरक्षण के लिए प्रेरित करना था। इस अवसर पर सरपंच ओंकार प्रसाद सिंगरौल ने कहा कि तालाब केवल जल का स्त्रोत नहीं, बल्कि गांव की जीवनरेखा हैं। बढ़ते जल संकट को देखते हुए जल स्त्रोतों का संरक्षण



समय की आवश्यकता है। उन्होंने ग्रामीणों से तालाबों की नियमित साफ-सफाई, गहरीकरण और अतिक्रमण मुक्त रखने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने प्राकृतिक जल स्त्रोतों को बचाने का संकल्प लिया। उपसरपंच अन्नपूर्णा अरूण सिंगरौल ने कहा कि ऐसे आयोजन सामाजिक जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ लोगों को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करते हैं। इस अवसर पर संतोष कुमार, हरि राम, विरेंद्र, छेदीराम, जितेंद्र कुमार, शिव कुमार, रतन, गुलाब, रामरतन, महेश, राजेंद्र, राधे, विजय, बल्दाऊ, राजकुमार, लव किशोर, भगवंता, हरिचंद, शेखर, श्रवण, प्रमोद, भाईराम, भीम यादव, दिलीप सहित अन्य उपस्थित रहे।

# ईश्वर का दर्शन करना है तो गुरु और सत्संग से जुड़ें

**तखतपुर।** व्यक्ति को यदि ईश्वर का दर्शन करना है तो सबसे पहले उसे गुरू और सत्संग से जुड़ना होगा। यही दो माध्यम है जिसके माध्यम से हम ईश्वर से साक्षात्कार प्राप्त कर सकते हैं। गुरू के दर्शन करने से जहां हमें भगवत भजन करने की प्ररेणा मिलती है। वहीं सत्संग के माध्यम से कथा श्रवण करने से व्यक्ति ईश्वर के प्रति अपनी श्रद्धा भाव जागृत कर पाता है।



उक्त बातें ग्राम पोंगरिहा में आयोजित श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह में कथा वाचक पं. सुरेंद्र मिश्रा ने कथा विस्तार करते हुए कही। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा व्यक्ति के उन सभी समस्याओं को हम कैसे दूर करे कैसे उससे मुक्ति पाए हमें बताता है। भगवत चरणों में निष्काम भाव से यदि व्यक्ति मन लगा दे तो निश्चित रूप से उसे ईश्वर की प्राप्ति होती है। कथा वाचक ने कथा के दौरान गंगा को धरती पर लाने के लिए भगीरथ की तपस्या की कथा भी सुनाया। इस अवसर पर आचार्य जितेंद्र मिश्रा सहित यजमान पारथ लाल रजक, जागेश्वरी, उत्तम प्रसाद, कवित्री, शिव कुमार, उर्मिला, सुमरिका, अमोला, नेतराम, दुलौरिन, मूलचंद, रूखमणी, रमेश, मधुर लाल रजक, सोनकली, रामहित, पुरू, कविता, रामकुमार, चमेली, विशेश्वर, कलेश्वरी, राजकुमार, शिवकुमार, राजेश, रमेश, पालूराम, मधुर, अश्वनी, रूपचंद, पुन्नी लाल, रूपेश, आशु, दीपांशु, टेकचंद कारड़ा, राजेंद्र कौशिक, शैलेंद्र निर्मलकर, ओमप्रकाश निर्मलकर सहित अन्य उपस्थित रहे।



# दर्जनों महिलाओं ने थाने में की पानी निकासी का पाइप बंद करने की शिकायत

**पथरिया।** ग्राम पंचायत सोढ़ी (निजामी) की ग्रामीण महिलाओं ने बस्ती की पानी निकासी व्यवस्था बाधित करने, गाली-गलौज एवं धमकी देने के आरोप में थाना पथरिया में शिकायत दर्ज कराते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों द्वारा दिए गए आवेदन के अनुसार प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सड़क निर्माण के दौरान बस्ती से बरसाती एवं घरेलू पानी की निकासी के लिए दोन्द पाइप डाला गया था। आरोप है कि गलत सीमांकन के बाद ग्राम के कुछ व्यक्तिओ द्वारा एवं उनके परिवार के सदस्यों ने उक्त पाइप में मिट्टी डालकर उसे बंद कर दिया। समस्या के समाधान के लिए दूसरे स्थान पर सड़क काटकर पाइप डाला गया, लेकिन वहां भी विरोध करते हुए पाइप को बंद कर दिया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि विरोध करने पर संबंधित लोगों द्वारा गाली-गलौज की गई तथा मारपीट की धमकी दी गई। इस दौरान सरपंच एवं पंचों के प्रति भी अपशब्दों का प्रयोग किया गया। पाइप बंद होने से बस्ती में जल निकासी बाधित हो गई है, जिससे ग्रामीणों और बच्चों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शिकायत में गांव के ही विभिन्न व्यक्ति पर आरोप लगाए गए हैं। ग्रामीणों ने थाना पथरिया से मामले की जांच कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने तथा पुरानी पानी निकासी पाइप को पुनः खुलवाने की मांग की है।

## ब्लॉक कांग्रेस ने किया बिजली आफिस का घेराव

# बिजली कटौती से व्यापारी, विद्यार्थी सभी परेशान

**तखतपुर।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शहर एवं ग्रामीण के नेतृत्व में बिजली की बढ़ती हुई दर एवं अघोषित बिजली कटौती के विरोध में बिजली ऑफिस का घेराव किया गया।

ब्लाक अध्यक्ष अभ्यूदय तिवारी ने कहा कि छत्तीसगढ़ में आमजनों को बिजली से राहत देने के लिए कांग्रेस सरकार ने आधा बिजली बिल माफ कर दिया था, लेकिन जैसे ही प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी सबसे ज्यादा बिजली की मार आमजनों को पड़ रही है। क्षेत्र में विद्युत कटौती करना आम बात है। कांग्रेसजन दोपहर 12 बजे विद्युत कार्यालय पहुंचे और वहां पर ज्ञापन दिया। नगर कांग्रेस अध्यक्ष शैलेंद्र निर्मलकर ने कहा कि विद्युत कटौती की सबसे ज्यादा वार नगरवासियों को हो रही है। यहां पर व्यापारी, विद्यार्थी सभी परेशान हैं। एक तरफ परीक्षा की तैयारी में जुटे



विद्यार्थी लगातार हो रही विद्युत कटौती के कारण ठीक से तैयारी नहीं कर पा रहे हैं। स्मार्ट मीटर के नाम से भी लोगों को ठगा जा रहा है। इस अवसर पर प्रदेश सचिव आतमजीत सिंह मक्कड़, मण्डल अध्यक्ष जितेन्द्र राज, दिनेश देवांगन, उमेश राजपूत, अजय देवांगन, मुन्ना श्रीवास, बबलू गुप्ता, अभिषेक पाण्डे, रमन हुरा, चंद्रप्रकाश देवांगन यावेंद्र सिंह, प्रियांशु डहरिया, आशीष सैमुएल, आदर्श बांजरे, अजय ध्रुव, अंकित मसीह, दीपक लहरें, बबलू पटेल, अमजद नट्टू जायसी, आशीष, करीम कुरैशी, अभय कौशिक, गोविन्द साहू शिवबालक कौशिक, बिसाहू राम कौशिक, रामस्वरूप कश्यप, उमाशंकर सिंगरौल, मनोज साहू, चन्द्रकुमार भारती, राजन कौशिक, संतोष पाल, ओमप्रकाश, हेमंत कश्यप, जगेश कौशिक, नीलेश अनंत, संगीत कुर्रे,रितेश साहू, सुनील भारती, रामबोल कौशिक, विनय कोल सहित अन्य उपस्थित रहे।

# मरपच्ची ने किया एकलव्य विद्यालय का निरीक्षण

**पेंड्रा।** मरवाही विधायक प्रणव कुमार मरपच्ची ने शुक्रवार को डोंगरिया स्थित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय का निरीक्षण कर छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य, आवासीय व्यवस्था तथा विद्यालय में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

- विद्यार्थियों के स्वास्थ्य एवं सुविधाओं का लिया जायजा

निरीक्षण के दौरान विधायक मरपच्ची ने छात्रावास, भोजनालय, पेयजल व्यवस्था, स्वच्छता, चिकित्सा सुविधाओं एवं अध्ययन कक्षों का अवलोकन किया। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन को निर्देशित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने छात्र-छात्राओं के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, पौष्टिक भोजन और स्वच्छ परिसर सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया।

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष लालजी यादव, ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष शंकर चक्रधारी, मंडल अध्यक्ष हेमचंद मरावी, लोकेश गुप्ता, मुकेश शर्मा सहित पार्टी के अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने विद्यालय की व्यवस्थाओं का अवलोकन करते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने की आवश्यकता पर बल दिया।




# शिविर में लोगों को दी जा रही योजनाओं की जानकारी

**मल्हार।** नगर पंचायत अंतर्गत आने वाले रेहड़ी-पटरी और छोटे दुकानदारों को सशक्त बनाने के लिए पीएम स्वनिधि योजना का लाभ उठाने नगर के विभिन्न स्थानों में शिविर लगाकर योजना की जानकारी दी जा रही है।

निकाय के इस योजना को जमीन पर लागू करने की जिम्मेदारी नगर पंचायत कार्यालय की है। इसलिए कर्मचारी अधिकारी मौके में बैठकर लोगों को जागरूक कर लाभ दिलाने की कोशिश में लगे हैं। सीएमओ अनुभव सिंह ने बताया कि इस योजना की आवेदन प्रक्रिया भी सरल है जिसमें लाभार्थी कार्यालय में जाकर योजना के नोडल अधिकारी या संबंधित कर्मचारी से सम्पर्क कर आवश्यक दस्तावेज दे सकते हैं। आधार कार्ड, बैंक खाता पासबुक,पहचान पत्र व वेंडिंग सर्टिफिकेट, सर्वे कार्ड या वेंडिंग सर्टिफिकेट जारी किया गया हो। यदि सर्टिफिकेट नहीं भी है, तो नगर पंचायत कार्यालय से यानी सिफारिश पत्र के लिए आवेदन किया जा सकता है। फॉर्म भरने और नगर पंचायत से मंजूरी मिलने के बाद लोन की राशि सीधे लाभार्थी के बैंक खाते में ट्रांसफर कर दी जाती है।

# कांग्रेस ने 7 सूत्रीय मांगों को लेकर एसडीएम दफ्तर घेरा

**मस्तूरी।** किसानों, छात्रों और आम जनता की विभिन्न समस्याओं व महंगाई, बेरोजगारी, बिजली संकट सहित नीट परीक्षा में पेपर लीक जैसे मुद्दों को लेकर मस्तूरी कांग्रेस विधायक दिलीप लहरिया व जनप्रतिनिधियों ने प्रदर्शन कर एसडीएम दफ्तर का घेराव किया। इस दौरान मुख्यमंत्री के नाम पर ज्ञापन सौंपा गया।

- मस्तूरी विधायक ने जनप्रतिनिधियों के साथ सौंपा ज्ञापन

कांग्रेस द्वारा सोमवार को जोंधरा चौक में धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। इस दौरान विधायक दिलीप लहरिया ने कहा कि ये सरकार चाहती है कि किसानों की फसल न हो जिससे सरकार को फसल खरीदना न पड़े। खाद की कालाबाजारी हो रही है जिससे किसान त्रस्त हैं। विधायक ने कहा कि बिजली की कटौती और भारी भरकम बिलों से राज्य की जनता परेशान त्रस्त हो गई है। उन्होंने बताया कि भाजपा की सरकार किसानों की फसलों को कम करके खरीदी पर रोक लगाने की कोशिश में है, किसानों की समस्या यूरिया खाद की किल्लत, खाद की कालबाजारी हो रही है, बिजली की समस्या के साथ साथ सरकार कि नल जल योजना फेल है, नीट पेपर लीक होने से हजारों बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर दोबारा परीक्षा कराना सरासर अन्याय है। कार्यकर्ता 7 सूत्रीय मांगों



को लेकर धरना प्रदर्शन स्थल से पैदल रैली लेकर एसडीएम कार्यालय पहुंचे और दफ्तर के समक्ष धरना प्रदर्शन किया। एसडीएम दफ्तर छोड़कर बाहर निकले और ज्ञापन को स्वीकार किया। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष भोलाराम साहू के नेतृत्व में विधानसभा मस्तूरी क्षेत्र के सभी कांग्रेस प्रकोष्ठों के पदाधिकारी व क्षेत्रीय किसान, आम जनता, व्यापारी मौजूद रहे।

# घर पर काम कर रही महिला को सर्प ने डसा, मौत

**कोरबा।** मानसून के सक्रिय होने से पहले हो रही बूंदाबांदी के बीच उमस भरी गर्मी बढ़ गई है। ऐसे में सर्पदंश की घटनाएं सामने आने लगी है। पसान निवासी भीमकुंवर 38 को सुबह साफ सफाई के दौरान एक सांप ने काट लिया। महिला की चीख पुकार सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे। महिला को आनन फानन में स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया। गंभीर हालत को देखते हुए उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया, जहां उपचार के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**न्यायालय नायब तहसीलदार सकरी**
**जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र.........अ-6-अ /2025-26
ग्राम-अमेरी, तहसील - सकरी,
जिला बिलासपुर (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है आवेदक/आवेदिका श्री रामनिवास साहू पिता स्व.मेलाराम साहू निवासी ग्राम -ओखर तह. -पचपेड़ी मस्तूरी तहसील पचपेड़ी जिला बिलासपुर के द्वारा ग्राम अमेरी प.ह.नं.43 तहसील सकरी जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 112/12 रकबा 2400 वर्गफीट में विद्यमान अप्राधिकृत /गलत/ अशुद्ध/प्रविष्टि के संबंध में अभिलेख को शुद्ध कर राजस्व अभिलेखों में दर्ज किये जाने आवेदन पत्र माननीय न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व तखतपुर के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 06.07.26 तक प्रस्तुत कर सकते हैं।

आज दिनांक 19.06.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार**
**सकरी**

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी, जरहागांव**
**// उद्घोषणा //**

रा.प्र.क्र./ब-121/2025..26
ग्राम - भठलीकला प.ह.नं. 01

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासी ग्राम भठलीकला वालो को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका/श्री/श्रीमती/कु. लेखराम कश्यप पिता/पति स्व.कलेश जाति कुर्मी निवासी ग्राम भठलीकला तहसील जरहागांव, जिला मुंगेली छ.ग. द्वारा अपने पिता स्व.कलेश के जन्म/मृत्यु दिनांक 10/04/2008 को ग्राम पंचायत भठलीकला में दर्ज करने हेतु आदेश जारी करने बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है, अतः इस संबंध में जिस किसी को कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे दिनांक 02/7/2026 को प्रातः 11 बजे तक मेरे न्यायालय तहसील जरहागांव में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 16/6/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा को अधीन जारी किया गया।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी, जरहागांव**

**कार्यालय संपदा प्रबंधन छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र बिलासपुर**
**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल दीनदयाल आवास योजना मंगला, बिलासपुर में निर्मित भवन **क्रमांक - एल.आई.जी. 348, मूल आबंटी श्री शिव कुमार भोई पिता श्री स्व. किशन कुमार भोई,** को स्व-वित्तीय आधार पर आबंटित भवन का विक्रय विलेख दिनांक 24.12.2010 को पंजीकृत किया गया हैं। इसके उपरांत द्वितीय क्रेता द्वारा विक्रय विलेख दिनांक 24.03. 2026 को पंजीकृत कराने के पश्चात उक्त भवन को **श्री सूखीराम यादव पिता श्री अलख राम यादव** के नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति/शासकीय/अर्द्ध शासकीय/संस्था आदि को इस भवन के नामांतरण / हस्तांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह अधोहस्ताक्षरकर्ता इस कार्यालय में लिखित रूप से मय प्रमाणित दस्तावेज सहित दावा/आपत्ति कर सकता है अन्यथा इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के बाद में कोई दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मण्डल नियमानुसार उनके पक्ष में नामांतरण/ हस्तांतरण कार्यवाही की जावेगी।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र बिलासपुर (छ.ग.)**

**//आम सूचना//**

मैं अपने आसामीन श्रीमति वैजयंती भुरंगी, उम्र 57 वर्ष, पति श्री किशोर कुमार भुरंगी, निवासी- विनोबा नगर बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) की ओर से अधिकृत होकर उनके निर्देशानुसार निम्नाशय का यह आम सूचना प्रकाशित करता हूं कि-

मौजा जूना बिलासपुर, प.ह.नं. 22, तहसील व जिला बिलासपुर स्थित रानी लक्ष्मी बाई नगर वार्ड के परिवर्तित भूमि शीट नं. 4, ब्लाक नं. 5, प्लाट नं. 272, खसरा नंबर 622/5 एवं 622/8 क्षेत्रफल 37020 वर्गफुट पर निर्मित आवासीय परिसर साकेत अपार्टमेंट के फर्स्ट फ्लोर पर निर्मित प्रकोष्ठ क्रमांक बी-6, क्षेत्रफल 850 वर्गफुट अवस्थित है, को स्वामी श्री आनन्द कुमार मिश्रा पिता श्री बी.के.मिश्रा निवासी आशा कुंज, एल-3, विद्या नगर बिलासपुर से क्रय करने का पक्का सौदा मेरे आसामीन ने की है तथा शीघ्र ही उपरोक्त प्रकोष्ठ का पंजीकृत बैनामा अपने पक्ष में तहरीर कराने वाली है।

सो जो कोई व्यक्ति, संस्था, निगम, निकाय, बैंक, उपरोक्त प्रकोष्ठ से स्वयं को हितबद्ध समझता हो, वे इस आम सूचना प्रकाशन से 07 दिवस के भीतर अपना आपत्ति / दावा मय दस्तावेज मेरे कार्यालय में कर सकते हैं। समयावधि अवसान पश्चात की जाने वाली दावा/ आपत्ति विधि मान्य नहीं होगी।

सो सूचना जाने !
दिनांक: 22/06/2026
स्थान : बिलासपुर (छ.ग.)

**भवदीय**
**RATNESH KUMAR AGRAWAL (ADVOCATE)**
**NEAR LIFE CARE HOSPITAL KARBALA JUNA BILASPUR**
**Mob.: 98274-07567**

## आम सूचना

**सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं संजय गुप्ता अधिवक्ता अपने पक्षकार हेमेन्द्र गोस्वामी पिता श्री सुफल गोस्वामी निवासी अम्बेडकर वार्ड शिक्षक नगर मुंगेली तहसील व जिला मुंगेली छ0ग0 की ओर से आम जन को सूचित करता हू कि मेरे पक्षकार ने ग्राम मंगला प.ह.न. 35 रा.नि.म. सरकंडा तहसील व जिला बिलासपुर छ0ग0 स्थित भूमि खसरा न. 1608/3 रकबा 0.0320 हे. भूमि जो राजस्व दस्तावेजो में परविंदर कौर, चरणजीत पिता उपराम सिंह एवं श्रीमती गुरमीत कौर पति उपराम सिंह निवासी मिनोचा कालोनी बिलासपुर के नाम पर दर्ज है को उपरोक्त भूमि स्वामियों से खरीदने का करार कर लिया है। जिस किसी आम जन, वित्तीय संस्थान, को ततसंबंधित कोई आपत्ति हो, तो इस नोटिस के प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय भारतीय स्टेट बैंक के सामने कोदवाबाडा मुंगेली में पूर्ण दस्तावेज सहित संपर्क करे। निर्धारित अवधि के उपरांत की गयी कोई भी आपत्ति स्वीकार नही किया जाकर अवैध माना जावेगा।**

**उपरोक्तानुसार सूचना प्रकाशित........**
**दिनांक - 21/6/26**

**भवदीय**
**संजय गुप्ता अधिवक्ता**
**मोन. 9329561533**

**न्यायालय नायब तहसीलदार सकरी**
**जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क.........अ-6-अ /2025-26
ग्राम-अमेरी, तहसील - सकरी,
जिला बिलासपुर (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है आवेदिका श्रीमती नेहा साहू पति प्रदीप साहू निवासी विकास नगर 27 खोली, तहसील व जिला बिलासपुर के द्वारा ग्राम मौजा अमेरी प.ह.नं.-43 तहसील सकरी स्थित परिवर्तित भूमि खसरा नं. 112/106 शीट नंबर 5/19 के प्लाट में से रकबा 1225 वर्गफुट भूमि को आवेदिका के द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 12.06.2018 को विक्रेता अनावेदक क्रमांक 01 से क्रय कर क्रय दिनांक से ही उक्त भूमि पर कब्जा प्राप्त कर काबिज चले आ रही है। उक्त भूमि का नामांतरण अधीक्षक भू-अभिलेख बिलासपुर के प्रकरण क्रमांक 2544/अ-6/2017/18 पारित आदेश दिनांक 17.07.2018 के पश्चात आवेदिका के नाम पर खसरा नंबर 112/132 दर्ज कर पी-2 खसरा जारी किया गया। वर्ष 2013-14 में खसरा नंबर 112/106 रकबा 0.0120 हे0 अनावेदक क्रमांक 01 के नाम पर तथा खसरा नंबर 112/132 रकबा 0.0140 हे. अनावेदक क्र.02 के नाम दर्ज है। खसरा नंबर 112/132 जो कि आवेदिका को प्रदान किया गया है वह पूर्व में ही बटांकन हो चुका है जो एक राजस्व त्रुटि है। आवेदिका द्वारा अधीक्षक भू-अभिलेख बिलासपुर के प्रकरण क्रमांक 2544/अ-6/2017/18 आदेश दिनांक 17.07.2018 के आवेदिका का नाम दर्ज कर राजस्व अभिलेख में सुधार किये जाने का आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 115 के अधीन अभिलेख दुरूस्त किये जाने हेतु इस न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 06.07.2026 तक प्रस्तुत कर सकते हैं।

आज दिनांक 18.6.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार सकरी**

**न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)**

**विवाह सूचना का प्रकाशन**

क्रमांक क/263/वाचक/अति-कले/2026,
बिलासपुर, दिनांक 05.06.2026

आवेदक श्री साहिल यादव आत्मज स्व. जगदीश यादव उम्र 26 वर्ष निवासी वार्ड नं. 10 यादवपारा कुंआ जरौंधा थाना तखतपुर तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.) एवं आवेदिका कुमारी माया यादव आत्मजा स्व. रिवन यादव उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम म.नं. 345 कोट सागरपारा कोटा, करगी रोड थाना कोटा, जिला बिलासपुर (छ.ग.)

द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-5 के तहत सूचना पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः प्राप्त सूचना का प्रकाशन सर्व साधारण के लिए दैनिक समाचार पत्र में किया जाता है। इस विवाह के संबंध में यदि कोई आपत्ति या दावा हो तो अपनी आपत्ति/दावा इस कार्यालय में दिनॉक 09.07.2026 को प्रातः 11:00 बजे प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति / दावा पर कोई विचार करना संभव नहीं होगा।



साहिल यादव



माया यादव

**विवाह अधिकारी**
**बिलासपुर (छत्तीसगढ़)**



शाला प्रवेश उत्सव

## मिनी थियेटर सहकारी समिति के जिलाध्यक्ष बने आयुष



**मुंगेली।** छत्तीसगढ़ फिल्म लोककला एवं मिनी थियेटर सहकारी समिति मर्यादित में आयुष धर दीवान को निर्विरोध जिलाध्यक्ष निर्वाचित किया गया है। समिति की बैठक में सर्वसम्मति से पदाधिकारियों का चयन किया गया। जिसमें आयुष धर दीवान को निर्विरोध जिलाध्यक्ष तथा मधु प्रसाद साहू को निर्विरोध उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में समिति के सदस्यों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। छत्तीसगढ़ फिल्म लोककला एवं मिनी थियेटर सहकारी समिति का उद्देश्य प्रदेश की लोक कला, लोकगीत, लोकसंगीत, लोकनाट्य एवं पारंपरिक विधाओं को संरक्षण और प्रोत्साहन देना है। नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष आयुष धर दीवान ने कहा कि समिति के माध्यम से जिले के लोक कलाकारों को आगे बढ़ाने, उनकी प्रतिभा को मंच देने और छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक संस्कृति को नई पहचान दिलाने के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे। उनके इस अवसर पर कृष्णा यादव, महावीर साहू, दुर्गा जायसवाल, रानी पांडेय, मेघा पाठक, गोपिका कश्यप, विकास सोनी, पवन प्रजापति, तुलसी यादव, डॉ. शोभाराम साहू, ऋषि श्रीवास, दुर्गा कश्यप, तुषार तिवारी, आकाश पांडेय, शानू यादव सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## किग बाक्सिंग में भाई-बहन ने बनाया कीर्तिमान, वर्ल्डकप के लिए हुआ चयन

**मल्हार।** मंजिल पाने की जुनून से सराबोर भाई बहन ने फिर एक बार गोल्ड व सिल्वर मेडल हासिल कर




अपने लक्ष्य के लिए अगली उड़ान भरी है। जिसके बाद अब उनका चयन वर्ड कप के लिए भी हो गया वे अब सितम्बर माह में इटली में होने वाले विश्व कप में भाग लेंगे। रास्ट्रीय किकबॉक्सिंग चेम्पियनशिप का आयोजन इंदौर में 17 से 21 जून तक इंदौर पब्लिक स्कूल मे रखा गया था। जिसमें मल्हार की परमेश्वरी कुमारी लोहार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए म्यूजिकल फोम वेपन मे सिल्वर मेडल हासिल किया। वही गोपाल प्रसाद लोहार ने अपने जीत को बरकरार रखते हुए म्यूजिकल फोम वेपन में गोल्ड और कास्य पदक प्राप्त किया। इस प्रतियोगता में भारत के सभी राज्यों के 1700 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। राष्ट्रीय स्तर के इस बड़े प्रतियोगिता में इन दोनों सगे भाई बहन ने बेहतरीन उपस्थिति दर्ज कराई है, इससे पहले भी इस परिवार के सगे भाई बहनों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में गोल्ड, सिल्वर व कांस्य पदक जीता है। इन्हीं के साथ पड़ोसी गांव के बच्चे भी प्रशिक्षण ले रहे हैं। सृष्टि कश्यप ने मुसिकल फ्रॉम वेपन में कांस्य पदक व भूपेंद्र कश्यप ने 5वां स्थान लेकर गांव को गौरवान्वित किया है।

## मानस मंच में तीन दिवसीय वृहद पंजीकरण शिविर का समापन



**लोरमी।** नगर के मानस मंच में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित तीन दिवसीय वृहद पंजीकरण शिविर का समापन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत अध्यक्ष वर्षा विक्रम सिंह एवं नगर पालिका अध्यक्ष सुजीत वर्मा, सीईओ जनपद पंचायत सुरेश कंवर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। अतिथियों ने शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि सरकार का उद्देश्य प्रत्येक पात्र व्यक्ति को योजनाओं का लाभ दिलाना और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करना है। उन्होंने नागरिकों से विभिन्न योजनाओं में पंजीयन कर उनका अधिकतम लाभ लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम के उपाध्यक्ष अशोक जायसवाल, सोहन डड़सेना,बीएमओ डॉ जीएस डाऊ सहित विभिन्न विभाग के कर्मचारी अधिकारी एवं ग्रामीण शामिल हुए।

## छात्रा नंदनी एनएमएमएसई परीक्षा में उत्तीर्ण



**लोरमी।** केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा अंतर्गत राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति योजना के तहत कक्षा 8वीं में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए 16 फरवरी 2025 को परीक्षा आयोजित की गई। जिसमें चयनित विद्यार्थियों को कक्षा 9वीं से 12वीं तक प्रत्येक माह 1 हजार रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। जिस परीक्षा को नंदनी निषाद पिता धनुषराम ने पास करके अनेक गरीब लड़कियों के लिए हौसलों की मीनार खड़ी कर दी है। आर्थिक बाधाएं उनके मजबूत इरादों को कमजोर न करें इसलिए यह छात्रवृत्ति बड़ी सहायता करेगी।

### सिंघरी हाई स्कूल में मना ब्लॉक स्तरीय प्रवेश उत्सव

# बेलतरा विधायक ने तिलक लगाकर किया बच्चों का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेलतरा

शासकीय हाई स्कूल सिंघरी में ब्लॉक स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक सुशांत शुक्ला थे। उन्होंने नवप्रवेशी विद्यार्थियों को पाठ्यपुस्तक और गणवेश वितरित किया तथा तिलक लगाकर और मिठाई खिलाकर उनका स्कूल में स्वागत किया।

कार्यक्रम में श्री शुक्ला ने सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत हाई स्कूल सिंघरी की छात्राओं को साइकिल वितरित किया गया। अतिरिक्त भवन का लोकार्पण करते हुए शाला परिसर में पौधरोपण किया गया। उन्होंने कहा कि शासन के द्वारा विद्यार्थियों को पढ़ाई के दौरान कई प्रकार की चीजें और सुविधाएं मुहैया कराई जा रही हैं। इन सुविधाओं का उपयोग करते हुए विद्यार्थियों को खूब मन लगाकर पढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान द्वारिका कश्यप शैक्षिक समन्वयक संकुल लखराम, रतनलाल सरोवर प्रधान पाठक सिंघरी, लव कुमार पांडेय



सहायक शिक्षक प्राथमिक शाला भरवीडीह के सेवानिवृत होने पर उनका सम्मान किया गया। न्योता भोज में विद्यार्थियों के बीच विधायक सुशांत शुक्ला व विकासखंड शिक्षा अधिकारी भूपेंद्र कौशिक और जनप्रतिनिधिगणों ने बैठकर भोजन किया। कार्यक्रम को आगे बढ़ते हुए छात्राओं के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, तत्पश्चात विकासखंड शिक्षा अधिकारी भूपेंद्र कौशिक सर, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक बिल्हा देवी चंद्राकर, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी बिल्हा दीप्ति गुप्ता द्वारा चंद्रशेखर श्रीवास शैक्षिक समन्वय गढ़वट, संतोष पात्रे शैक्षिक समन्वयक सिंघरी, राजेश गुप्ता शैक्षिक समन्वयक बैमा, मधुसूदन दुबे शैक्षिक समन्वयक गोंदईया को एफएलएन प्रशिक्षण में अच्छा कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में श्रीमती पतांगो प्राचार्य हाई स्कूल सिंघरी के द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम का संचालन आदित्य पांडे प्रधान पाठक शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मदनपुर के द्वारा किया गया।

## बछेरा स्कूल के बच्चों को गणवेश का वितरण



**मुंगेली।** शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय बछेरा में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। सरपंच चोवाराम ओगरे एवं एसएमसी अध्यक्ष सोनूराम साहू एवं सुरेंद्र साहू के द्वारा कक्षा 1ली एवं कक्षा 6 वी के नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर एवं मिठाई खिलाकर उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्रधान पाठक महेंद्र ठाकुर सभी बच्चो को मन लगाकर पढ़ाई करने की बात कही। शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में सरपंच चोवाराम, राम ओगरे, एसएमसी के अध्यक्ष सोनू राम साहू, सुरेंद्र साहू, पंच केशोराम, प्रधानपाठक महेंद्र सिंह ठाकुर, भानू राम साहू, शिक्षक राजेश चतुर्वेदी, आनंद राम रात्रे, संतराम साहू उपस्थित रहे।

## सुरेठा स्कूल में मना संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव



मुंगेली। शासकीय हाई स्कूल सुरेठा में संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सिमरन रोशन और चंद्रमणि ने सरस्वती गायन किया। स्वागत भाषण रोहिणी बंजारे ने दिया। शाला के अनुशासन एवं उपलब्धियां के विषय में ज्योति राय ने अपने विचार रखे। अतिथियों में नोडल अधिकारी डीपीओ महिला बाल विकास संजुला शर्मा, परियोजना अधिकारियों राजेंद्र गेंदले, सरपंच अमलीडीह राधाचरण परिहार, सरपंच सुरेठा मनहरण निषाद, पूर्व जिला पंचायत सदस्य मानिक सोनवानी, जिला पंचायत सदस्य रजनी सोनवानी, जनपद पंचायत सदस्य तरुण पाटले, जनपद सदस्य राजा घृतलहरे, मंडल अध्यक्ष लवण डाहिरे, हृदयेश सिंह परिहार, अघनु यादव, तनु राम पटेल, वीरेंद्र कोसले उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा छात्रों को तिलक लगाकर पुस्तक एवं गणवेश प्रदान किया गया एवं मिष्ठान खिलाकर शाला प्रवेश उत्सव का प्रारंभ किया गया। संकुल प्रभारी प्राचार्य शशि प्रभा सोनी ने मंच संचालन एवं आभार प्रदर्शन संकुल समन्वयक अरुण कुमार बघेल ने किया।

## सरपंच रानू ने नवप्रवेशी विद्यार्थियों का किया स्वागत



**जरहागांव।** शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला कोसमा में नवीन शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ अवसर पर शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत कोसमा की सरपंच रानू मेवाराम कश्यप मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। सरपंच श्रीमती कश्यप ने कहा कि शिक्षा बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है। उन्होंने सभी पालकों से अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से जोड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि शिक्षित समाज ही विकास और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करता है। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार एवं ग्राम समुदाय की सक्रिय सहभागिता रही। इस अवसर पर प्रधान पाठक राजेश्वरी पात्रे, रजनी कश्यप, संकुल शैक्षिक समन्वयक मनोज कश्यप, खिरेंद्र साहू, सुशील यादव, रामकुमार साहू, खुमेश्वर सोनवानी, धरमदास पात्रे, गौतम साहू, शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष एवं सदस्य, पालक तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## बच्चों को मिठाई खिलाकर किया अभिनंदन



**लोरमी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोंगरिया में सोमवार को शाला प्रवेश उत्सव के दौरान अतिथियों ने विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन, अनुशासन और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के महत्व की जानकारी दी। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने नवप्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत कर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम ने विद्यालय और विद्यार्थियों के बीच आत्मीय संबंधों को मजबूत करने के साथ-साथ शिक्षा के प्रति सकारात्मक संदेश भी दिया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से नोडल अधिकारी शंकरलाल गेंदले अनुविभागीय अधिकारी, जल संसाधन विभाग, सरपंच प्रतिमा रंगनाथ श्रीवास, प्राचार्य रमाशंकर यादव तथा पटवारी मनोहर सिंह राजपूत उपस्थित रहे।

# साध्वी ने नपा अध्यक्ष पर लगाए दुर्व्यवहार व प्रताड़ना के आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ रतनपुर

धार्मिक नगरी रतनपुर में एक साध्वी ने नगर पंचायत अध्यक्ष लवकुश कश्यप पर गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक के नाम शिकायत पत्र सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। शिकायतकर्ता चपोरा निवासी पद्मनीपुरी राठौर, पिता देवप्रसाद राठौर जूना अखाड़ा से जुड़ी साध्वी हैं।

■ एसपी से शिकायत कर की कार्रवाई की मांग

शिकायत पत्र में साध्वी ने आरोप लगाया है कि वे 3 जून 2026 को चपोरा रोड स्थित ग्राम फुलवारीपारा के भयहरण हनुमान मंदिर आश्रम में आयोजित दयाराम दास के मृत्यु भोज कार्यक्रम में संत-महात्माओं के साथ भोजन करने बैठी थीं। इसी दौरान नगर पंचायत रतनपुर के अध्यक्ष लवकुश कश्यप वहां पहुंचे और कथित रूप से उन्हें भोजन करने से रोकते हुए भोजन स्थल से उठा दिया। इस दौरान उनके साथ संत समाज के सामने दुर्व्यवहार किया गया और उनके मान-सम्मान को ठेस पहुंचाने का प्रयास किया गया। उन्होंने शिकायत में यह भी



आरोप लगाया है कि उनका हाथ पकड़कर अशोभनीय व्यवहार किया गया तथा विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी गई। शिकायत में साध्वी ने यह बताया कि घटना के बाद उन्होंने भयहरण हनुमान मंदिर आश्रम में मौजूद संत-महात्माओं के समक्ष इसकी शिकायत की थी। साध्वी ने बताया कि वे इस संबंध में पूर्व में थाना रतनपुर में भी शिकायत दी जा चुकी है, लेकिन कार्रवाई नहीं होने पर उन्होंने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई है।

### आरोप बेबुनियाद व झूठे

साध्वी के द्वारा की गई शिकायत पूरी तरह झूठी एवं बेबुनियाद है। उन्होंने मुझे बदनाम करने की नीयत से शिकायत की है। पूर्व में भयहरण के महात्मा का देहांत हो गया था। उनके कार्यक्रम में साध्वी पहुंची थी। वहां अन्य लोग भी मौजूद थे। उन्होंने उनके देहांत के बाद वहां के महंत जिन्होंने महात्मा का दाहसंस्कार किया है उनको बनाना चाह रहे थे, मगर यह साध्वी वहां के महंत किसी और को बनाने के लिए आवाज उठा रही थी, इसी कारण से वह मेरे खिलाफ अनर्गल बयानबाजी एवं शिकायत कर रही है।

-लवकुश कश्यप
अध्यक्ष, नगर पालिका

## श्रमिकों के पंजीयन अभिलेखों को आधार से जोड़ने अभियान

**मुंगेली।** छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल तथा असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल के अंतर्गत पंजीकृत निर्माण एवं असंगठित श्रमिकों के हित में एक महत्वपूर्ण पहल शुरू की गई है।

श्रमिकों के पंजीयन अभिलेखों को आधार से जोड़कर अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाने के लिए व्यापक ई-केवाईसी अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य श्रमिकों को मिलने वाली कल्याणकारी योजनाओं में पारदर्शिता बढ़ाना और पात्र हितग्राहियों तक लाभ की सुगम पहुंच सुनिश्चित करना है। श्रम पदाधिकारी ने बताया कि ई-केवाईसी प्रक्रिया प्रारंभ करने से पहले सभी पंजीकृत निर्माण एवं असंगठित श्रमिकों के रिकॉर्ड का आधार कार्ड के विवरण के अनुरूप सत्यापन और आवश्यक संशोधन किया जाएगा। यह संपूर्ण प्रक्रिया कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से संचालित की जाएगी। अभियान को समयबद्ध रूप से पूरा करने के लिए 30 जून 2026 तक का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस प्रक्रिया के तहत श्रमिकों को अपने मूल आधार कार्ड के साथ निकटतम सीएससी केंद्र में उपस्थित होना होगा।

## सालों बाद भी अधूरा है बाइपास निर्माण कार्य

**पेंड्रा।** नगर में वर्षों पुरानी और बहुप्रतीक्षित 13 किलोमीटर स्वीकृत बाईपास सड़क का निर्माण सालों बाद भी अधूरा है। सड़क को लेकर अब जनआक्रोश भड़क रहा है।

मध्य प्रदेश, झारखंड, बिहार और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों के प्रमुख मार्गों को जोड़ने वाले इस व्यापारिक केंद्र में बाईपास न होने के कारण सैकड़ों भारी वाहन और कोयले से लदे ट्रक चौबीसों घंटे नगर के बीचों-बीच से गुजर रहे हैं। पेंड्रा की पुरानी बसावट और संकरी सड़कों के कारण यहां लगातार ट्रैफिक का दबाव बढ़ रहा है, जिससे आए दिन भीषण सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं और कई लोग असमय अपनी जान गंवा चुके हैं। इस गंभीर समस्या के समाधान के लिए पूर्व में 55 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की जा चुकी है, लेकिन लोक निर्माण विभाग और स्थानीय प्रशासन की उदासीनता के चलते निर्माण कार्य अधर में लटका हुआ है। मुख्यमंत्री से लेकर तमाम मंत्रियों और नेताओं को कई बार अवगत कराने के बावजूद इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। इसी जनहित और जनसुरक्षा से जुड़े संवेदनशील मुद्दे को लेकर जिला प्रेस क्लब के अध्यक्ष अखिलेश नामदेव के नेतृत्व में काफी संख्या में पत्रकारों ने जिला कलेक्टर डॉ. संतोष देवांगन को एक ज्ञापन सौंपा है।

■ नागरिकों ने दी क्रमिक भूख हड़ताल की चेतावनी

पत्रकारों ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि 9 जुलाई तक स्वीकृत बाईपास का निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया, तो जिला प्रेस क्लब के बैनर तले 10 जुलाई से सुबह 11 बजे से पेंड्रा के मुख्य दुर्गा चौक स्थित बरगद पेड़ के नीचे अनिश्चितकालीन क्रमिक भूख हड़ताल और उग्र जनआंदोलन शुरू कर दिया जाएगा।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार वृद्ध की मौत

**रतनपुर।** रतनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रानीगांव के पास हुए सड़क हादसे में एक बाइक सवार वृद्ध की मौत हो गई। अज्ञात वाहन की चपेट में आने से हुई इस घटना के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, रामसनेही दिनकर पिता बिसाहू राम उम्र लगभग 65 वर्ष अपनी बाइक से लखराम से कोनी की ओर जा रहे थे। इसी दौरान जब वे ग्राम रानी के पास पहुंचे, तभी किसी अज्ञात वाहन चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार रामसनेही दिनकर गंभीर रूप



से घायल हो गए और उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही रतनपुर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई की। पुलिस ने मर्ग कायम कर अज्ञात वाहन एवं चालक की तलाश शुरू कर दी है। फिलहाल पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों एवं प्रत्यक्षदर्शियों से जानकारी जुटाकर मामले की जांच में जुटी हुई है।

## वाहन की टक्कर से नाबालिग की मौत

**मुंगेली।** बोलेरो वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाते हुए तीन नाबालिगों को टक्कर मार दी। हादसे में दो नाबालिग सहित आबकारी विभाग के पांच लोग घायल हो गए, जबकि एक नाबालिग की मौत हो गई। हादसे के बाद अनियंत्रित बोलेरो वाहन



नहर में जा गिरा। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार, आबकारी विभाग के बोलेरो वाहन ने तीन नाबालिग लड़कों को टक्कर मार दी। हादसे में घायल बच्चों को लालपुर थाना स्टाफ की मदद से तत्काल जिला अस्पताल मुंगेली में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। वहीं इलाज के दौरान एक लड़के अंकित यादव की मौत हो गई है। अंकित यादव 15 वर्ष की इलाज के दौरान मौत हो गई। परमीत गंधर्व 12 वर्ष एवं शेखर कश्यप 10 वर्ष घायल हुए है। बताया जा रहा है कि तीनों बच्चे बैगाकापा गांव के निवासी हैं। हादसे के बाद आबकारी विभाग की बोलेरो वाहन अनियंत्रित होकर नहर में गिर गई। अस्पताल सूत्रों के अनुसार, तीनों बच्चों का जिला अस्पताल मुंगेली में उपचार जारी है।

# पथरिया में सामूहिक योगाभ्यास, स्वस्थ जीवन का दिया संदेश



**पथरिया।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर नगर के स्कूल मैदान में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर के जनप्रतिनिधियों, विद्यार्थियों, प्राध्यापकों एवं गणमान्य नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए सामूहिक योगाभ्यास किया तथा योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष हुलसी रघु वैष्णव ने कहा कि वर्तमान समय की व्यस्त एवं तनावपूर्ण जीवनशैली में भी प्रत्येक व्यक्ति को प्रतिदिन कम से कम 30 मिनट योग के लिए अवश्य निकालना चाहिए। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि रघु वैष्णव, निश्चल गुप्ता, एवं जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं नागरिकों ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास कर स्वस्थ समाज के निर्माण का संदेश दिया। कार्यक्रम में अनेक गणमान्य नागरिकों की विशेष उपस्थिति रही।



### उत्तम स्वास्थ्य के लिए योग आवश्यक

**कोटा।** अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर शासकीय निरंजन केशरवानी महाविद्यालय कोटा में स्वस्थ आयु के लिए योग की थीम के साथ राष्ट्रीय सेवा योजना एवं यूथ रेडक्रास सोसायटी एवं क्रीड़ा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में सामूहिक योग कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राचार्य एवं संरक्षक डॉ. नाज़ बेंजामिन ने बताया कि शारीरिक और मानसिक उत्तम स्वास्थ्य के लिए योग आवश्यक है। योग शारीरिक आरोग्य और विचारों की शुद्धता का श्रेष्ठ माध्यम है. योग एक आध्यात्मिक प्रकिया है जिसमें बेहतर स्वास्थ्य के लिये शरीर, मन और आत्मा को एक साथ लाने का काम होता है। मुख्य योग प्रशिक्षक डॉ. सपना पवार, वाईके उपाध्याय एवं क्रीड़ाधिकारी राजेश सिंह के मार्गदर्शन में योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान सहित विभिन्न योग मुद्राओं का अभ्यास किया गया।

## सप्ताह भर में सभी लंबित प्रकरणों के निराकरण करने के निर्देश

**मुंगेली।** जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभा कक्ष में आज समय सीमा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अतिरिक्त कलेक्टर श्रीमती निष्ठा पांडेय तिवारी ने सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों के निराकरण सहित शासन की विभिन्न योजनाओं एवं गतिविधियों के प्रगति की संबंध में विस्तार से समीक्षा की। बैठक में उन्होंने सीएम हेल्पलाइन अंतर्गत प्राप्त आवेदनों की समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सुशासन तिहार अंतर्गत प्राप्त आवेदनों की स्थिति की समीक्षा की और सप्ताह भर में सभी लंबित प्रकरणों के निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

एडीएम ने खरीफ सीजन की तैयारियों की समीक्षा करते हुए जिले में खाद एवं बीज की उपलब्धता की जानकारी ली। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी समितियों में निर्धारित मात्रा में पर्याप्त खाद एवं बीज का भंडारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस दौरान सहायक आयुक्त सहकारिता हितेश श्रीवास ने बताया कि जिले में बीज वितरण का लक्ष्य 104 प्रतिशत पूरा किया जा चुका है तथा इस उपलब्धि के साथ मुंगेली ने प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। मानसून को देखते हुए एडीएम ने जिले की तैयारियों की समीक्षा कर पहुंचविहीन क्षेत्रों में खाद्यान्न, स्वास्थ्य सेवाओं एवं आवश्यक सामग्रियों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने आपदा प्रबंधन एवं राहत-बचाव तैयारियों की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों को सतर्कता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। बारिश के मौसम में संभावित मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए स्वच्छता बनाए रखने पर विशेष जोर दिया।

## खबर संक्षेप

### डांट लगाने पर युवती ने खाया जहर, मौत

**बिलासपुर।** माता- पिता द्वारा डांट फटकार लगाने से क्षुब्ध होकर एक युवती ने जहर खा लिया था। परिजन के द्वारा उसे इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान मौत हो गई है। सिम्स चौकी प्रभारी चंद्रप्रकाश पाण्डेय ने बताया कि हिर्री अमसेना निवासी तुलसीराम साहू व उसकी पत्नी 20 जून को काम करने खेत चले गए थे। दोपहर में घर आए तो उनकी बेटी प्रियंका साहू 17 साल घूम रही थी। घर में झूठे बर्तन रखे हुए थे। साफ नहीं करने पर माता पिता ने डांट लगाई, जिससे क्षुब्ध होकर प्रियंका ने चूहामार पाण्डर खा लिया। उन्हें इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया था। 22 जून को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई है। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है।

### चार कर्मचारियों पर चाकू से हमला, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** प्लाट का गेट खोलने को लेकर चार कर्मचारियों के साथ मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया है। गंभीर रूप से घायल एक कर्मचारी को रायपुर में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सिरगिट्टी पुलिस के अनुसार, 20 जून की रात धूमा एसके प्लेसमेंट सर्विसेस में काम करने वाले एसके आशिक पिता एसके सिराजुल, एसके बप्पा, सृजय उर्फ जॉय बगदी, राकेश बगदी, राकेश गुप्ता प्लाट में खाना खाने के बाद बर्तन धोने जा रहे थे। इसी दौरान त्रिभुवन अन्य साथियों के साथ वहां आया और गेट खोलने को लेकर गाली गलौज करने लगा। मना करने पर त्रिभुवन एवं उसके साथियों ने पांचों कर्मचारियों के साथ गाली गलौज कर मारपीट करते हुए चाकू से हमला कर दिया। जिससे एसके आशिक, एसके बप्पा, राकेश राय, सृजय उर्फ जॉय घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। गंभीर रूप से घायल होने से सभी को रायपुर डीकेएस हास्पिटल में भर्ती कराया गया था। छुट्टी होने के बाद एसके आशिक ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर हमलावर त्रिभुवन एवं अन्य के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5, 351, 3 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### नशे में ड्राइवर ने माजदा डिवाइडर पर चढ़ा दिया

**बिलासपुर।** बीती रात नशे में ड्राइवर ने रायपुर रोड में माजदा को डिवाइडर के उपर चढ़ा दिया। हादसे में राहगीर बाल बाल बच गए। पुलिस ने गाड़ी जब्त कर चालक को गिरफ्तार कर लिया है।



चकरभाठा टीआई भावेश शेंडे ने बताया, 21 जून की रात 8 बजे रायपुर की ओर से आ रहे माजदा क्रमांक सीजी 04 एनएस, 9790 के ड्राइवर ने नशे में स्टेरिंग से नियंत्रण खो बैठा और परसदा कांग्रेस नेता सियाराम कौशिक के घर के सामने डिवाइडर के पर चढ़ा दिया। इस दौरान राहगीरों ने भागकर अपनी जान बचाई है। आक्रोशित भीड़ ड्राइवर को पकड़कर मारपीट करने वाले थे। इसी दौरान पुलिस मौके पर पहुंचकर गाड़ी जब्त कर नशेड़ी ड्राइवर को पकड़कर थाने ले गई। पुलिस ने बीएनएस की धारा 281, 184, 185 के तहत ड्राइवर कमलेश्वर ध्रुव को गिरफ्तार कर लिया है।

### 10वीं-12वीं की पूरक परीक्षाएं 22 जुलाई तक

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल (सीजीबीएसई) ने वर्ष 2026 की हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी द्वितीय मुख्य/अवसर (सप्लीमेंट्री) परीक्षा की समय-सारिणी जारी कर दी है। मंडल की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार दोनों परीक्षाएं जुलाई में आयोजित होंगी। हायर सेकेंडरी (कक्षा 12वीं) द्वितीय मुख्य/अवसर परीक्षा 8 जुलाई से शुरू होगी और 22 जुलाई तक चलेगी। हाईस्कूल (कक्षा 10वीं) द्वितीय मुख्य/अवसर परीक्षा 9 जुलाई से शुरू होकर 21 जुलाई तक आयोजित की जाएगी। दोनों परीक्षाओं का समय सुबह 9 बजे से दोपहर 12:15 बजे तक है। माशिमं की ओर से कहा गया है कि विषयवार विस्तृत परीक्षा कार्यक्रम उसकी आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध कराया गया है। परीक्षार्थी विस्तृत टाइम टेबल देखकर अपनी तैयारी की योजना बना सकते हैं। अधिकारियों के अनुसार मुख्य परीक्षा में असफल रहे या अंक सुधारने का अवसर चाहने वाले विद्यार्थियों के लिए यह परीक्षा महत्वपूर्ण होगी। बोर्ड ने छात्रों से निर्धारित तिथियों के अनुसार परीक्षा की तैयारी करने और नियमित रूप से मंडल की वेबसाइट पर अपडेट देखने की अपील की है।

### बाल पुरस्कार के लिए आवेदन 31 जुलाई तक

**बिलासपुर।** प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन 31 जुलाई तक किए जा सकते हैं। आवेदन पोर्टल के माध्यम से किए जाएंगे। यह पुरस्कार खेल, सामाजिक सेवा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पर्यावरण, कला एवं संस्कृति तथा नवाचार जैसे क्षेत्रों में असाधारण उपलब्धियां हासिल करने वाले बच्चों को दिया जाता है। आवेदक की आयु 31 जुलाई 2026 तक 5 वर्ष से अधिक और 18 वर्ष से कम होनी चाहिए। आवेदक भारतीय नागरिक होना चाहिए।

---

**सीपत में हादसा**

**थाना प्रभारी नदारद, तहसीलदार और एएसआई ने संभाला मोर्चा**

# युवक पर बिजली का तार गिरने से मौत, ग्रामीणों ने किया आफिस का घेराव

**बिलासपुर।** बीती रात खाना खाकर घर के सामने टहल रहे युवक पर 11 केवी बिजली का तार टूटकर गिर गया। जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गया। परिजन ने उसे इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया, जहां उसकी मौत हो गई। इससे आक्रोशित 200 से अधिक ग्रामीणों ने सीपत बिजली आफिस का घेराव कर मुआवजा राशि की मांग की और हंगामा मचाने लगे। तहसीलदार की समझाइस के बाद भीड़ वापस लौटी।

सिम्स चौकी प्रभारी चंद्रप्रकाश पाण्डेय ने बताया कि सीपत गुड़ी निवासी हिमांश साहू पिता भुनेश्वर साहू 17 साल 21 जून की रात 8 बजे भोजन करने के बाद घर के सामने गली में टहल रहा था। इसी दौरान



अचानक 11 केवी बिजली का तार टूटकर उसके उपर गिर गया। जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गया। परिजन के द्वारा उसे इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया। 22 जून की सुबह इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर सिम्स पुलिस ने पंचनामा कर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया है।

### 65 घरों के उपकरण खराब

आक्रोशित भीड़ ने आरोप लगाया है कि लंबे समय गांव की 11 केवी तार व केबल जर्जर हो गया है। 11 केवी तार टूटने से शार्टसर्किट के चलते 60 से 65 घरों के टीवी, पंखा, कूलर, फ्रिज सहित अन्य इलेक्ट्रानिक सामान खराब हो गया है। ग्रामीणों के मुताबिक पूर्व में भी 11 केवी की तार टूटने से गांव के पैरावट में आग लगने की घटना हो चुकी है।

### थाना प्रभारी सीएसपी नदारद

22 जून को युवक की मौत की खबर लगते ही गांव में आक्रोश भड़क गया। 200 से अधिक ग्रामीणों ने सीपत थाने के पास बिजली आफिस का घेराव कर मुआवजा राशि, जर्जर बिजली तार बदलने सहित अन्य मांगों को लेकर हंगामा मचाया। घेराव की सूचना मिलते ही सीपत तहसीलदार व थाने का एएसआई स्टाफ के साथ बिजली आफिस पहुंच गए। घण्टों हंगामा के बाद तहसीलदार की समझाइस देने पर हंगामा समाप्त हुआ है। बड़ी बात यह रही कि थाने के बाजू में सैकड़ो की संख्या में लोग हंगामा मचाते रहे और थाना प्रभारी व सीएसपी मौके पर नहीं पहुंचे।

### इकलौता बेटा था

मृतक माता पिता का इललौता बेटा था। वह कक्षा दसवीं की पढाई कर रहा था। बेटे की मौत की खबर से माता पिता सदमे आ गए और गांव में कोहराम मच गया। मृतक का शव घर पहुंचने पर भीड़ उमड़ पड़ी और लोगों के आंखे नम हो गई।

### जांच करने कहा गया

घटना की जानकारी प्राप्त हुई है। कार्यपालय यंत्री को जांच करने के लिए कहां गया है। अभी तक मिली जानकारी के अनुसार, 11 केवी की लाइन टूटकर सर्विस केबल से जुड़ गई थी। जिसके कारण आसपास के घरों में शार्टसर्किट हुआ है। युवक की मौत का कारण अभी नहीं बताया जा सकता।

-**एसके जांगड़े**, अधीक्षक यंत्री ग्रामीण सर्किल

---

**सब्जी-फल, पेय पदार्थ, चाट, कपड़े का कारोबार तक हो रहा**

# मौलिक अधिकार छोड़िए यहां तो चलना मुश्किल चार करोड़ में बने थे फुटपाथ, सभी पर कब्जा



सीएमडी कॉलेज के पास फुटपाथ पर रखा दुकान का सामान।

**हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर**

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि फुटपाथ पर सुरक्षित चलना हर नागरिक का मौलिक अधिकार है लेकिन बिलासपुर में इसका खुलेआम हनन किया जा रहा है। शहर की यातायात व्यवस्था दुरूस्त करने और पैदल चलने वालों की सुरक्षा के लिए शहर की प्रमुख सड़कों पर 4 करोड़ में फुटपाथ का निर्माण कराया गया था। इसमें से अधिकांश फुटपाथों पर कब्जा हो गया है। दुकानदारों का सामान दुकानों में कम बल्कि फुटपाथ पर अधिक रखा जाता है, जिसे देखकर ऐसा लगता है जैसे फुटपाथ आमजन के लिए नहीं बल्कि दुकानदारों के लिए बनाया गया है। फुटपाथ बनने के बाद भी लोगों को जान जोखिम में डालकर मजबूरन सड़क किनारे चलना पड़ता है। बाजार में भीड़ होने के कारण कई दुर्घटनाएं भी घटित हो चुकी हैं, लेकिन दुकानदार अपनी आदत से मजबूर बने हुए हैं। शहर में शायद ही कोई ऐसा क्षेत्र होगा जहां पर बने फुटपाथ पर कब्जा न हो। इन फुटपाथों पर सब्जी-फल, पेय पदार्थ, चाट, दैनिक उपयोग की वस्तुएं, कपड़े का कारोबार तक हो रहा है।

■ **सड़क पर वॉक करना संभव नहीं**

ज्यादातर फुटपाथों पर अस्थाई दुकानें चलने लगी हैं। नेहरू चौक से मंगला चौक तक भी सड़क के दोनों ओर फुटपाथ पर कब्जा हो गया है। इस मार्ग में फुटपाथ पर अवैध रूप से 100 से ज्यादा दुकानों का संचालन हो रहा है, जबकि नगर निगम को इसकी जानकारी है। फिर भी कब्जा हटाकर फुटपाथ को मुक्त कराने कोई प्रयास नहीं किया जा रहा है। सुबह के समय तो सड़क में भीड़ नहीं होने की वजह से फुटपाथ की आवश्यकता इतनी महसूस नहीं होती है। शाम को वाक करने वालों को दिक्कत होती है। शाम के समय लगभग सभी सड़कों पर यातायात का दबाव रहता है। ऐसे में सड़क पर वाक करना संभव नहीं हो पाता है।

### फुटपाथ पर चौपाटी कल्चर

इसके साथ ही संजय तरण पुष्कर से 27 खोली मोड़ तक सड़क के दोनों ओर फुटपाथ पर दो दर्जन से ज्यादा फास्ट फूड की दुकानें सजती हैं। वहीं फल ठेले वालों का भी कब्जा है। ऐसे में यहां रुकने वाले लोग सड़क पर ही वाहन खड़ी करते हैं। इससे यातायात भी प्रभावित होता है। इसकी वजह से शाम के समय बार बार जाम की स्थिति बनती है। इसके साथ ही दूसरे दुकानदार भी अपना सामान फुटपाथ पर रखकर व्यापार करते हैं। वहीं कई बड़े होटल, अस्पताल भी फुटपाथ का निजी उपयोग कर रहे हैं। इनके प्रतिष्ठान के दरवाजे फुटपाथ पर ही खुलते हैं। खासतौर से 27 खोली मोड़ से लेकर मंगला चौक तक सड़क की दोनों ओर की फुटपाथ पर दुकानदारों को कब्जा है।

### फुटपाथों पर वाहन पार्किंग

कलेक्टोरेट के सामने, जिला कोर्ट के सामने, मंगला चौक के पास, लिंक रोड में सत्यम चौक से लेकर अग्रसेन चौक तक, तारबहार, गांधी चौक, तेलीपारा रोड में बने फुटपाथों पर वाहन पार्किंग हो रही है। जिससे लोगों की आवाजाही में बाधा पहुंचती है। उन्हें वापस सडक़ पर उतरकर वाहनों के साथ-साथ चलना पड़ता है।

### हो रहा होटल का संचालन

निगम की बेसुध होने का आलम यह है कि संजय तरण पुष्कर के पास ही एक होटल वाले ने फुटपाथ पर कब्जा कर लिया है। जहां पर बकायदा कुर्सी टेबल तक लगा दिया गया है और नाश्ता परोसा जा रहा है। फुटपाथ के एक तरफ फेंसिंग लगा कर घेर दिया गया है। वहीं दूसरी ओर गमले रख कर फुटपाथ का निजी उपयोग किया जा रहा है। जबकि संजय तरण पुष्कर में रोजाना निगम के बड़े अधिकारियों का आना जाना रहता है।

### कलेक्टोरेट के पास भी कब्जा

निगम के अधिकारियों के लापरवाही का आलम यह है कि टाउन हाल के सामने की फुटपाथ पर कब्जा हो चुका है लेकिन इस ओर जरा भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। समस्त सरकारी विभाग इसी रोड पर स्थित कलेक्टोरेट, एसपी कार्यालय, जिला न्यायालय, कंपोजिट भवन के साथ अन्य सरकारी विभाग संचालित हो रहे है लेकिन कोई भी जिम्मेदार अधिकारी फुटपाथ को कब्जा मुक्त बनाने का प्रयास नहीं कर रहा है।

### यह है हालत

सीएमडी कॉलेज चौक से विद्या नगर की ओर जाने वाले रोड की टर्निंग पर होटल वाले का कब्जा है। इसी मार्ग पर आगे कई अन्य दुकानदार अपना सामान रखने के लिए उसका इस्तेमाल कर रहे हैं। तारबाहर चौक के पास स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के स्मारक स्थल की बाउंड्री पर अतिक्रमण हो चुका है। तालापारा में बनाए गए फुटपाथ के अधिकांश हिस्से में दुकानदार काबिज हो चुके हैं। श्रीकांत वर्मा मार्ग में तो फुटपाथ पर ही चौपाटी सजती है। इसी मार्ग पर साईं मंदिर के सामने जगह-जगह फुटपाथ पर इस तरह दुकानदारी शुरू हो गई है। साइंस कॉलेज व जरहाभाठा रोड पर भी यही नजारा देखने को मिलता है। राजेंद्र नगर स्कूल के सामने ठेले वालों का कब्जा है।

### लगातार हो रही कार्रवाई

अतिक्रमण पर लगातार कार्रवाई हो रही है। सामान जब्ती के साथ ही पेनाल्टी भी लगाई जा रही है। फुटपाथों से भी कब्जा हटाया गया है।

- **खजांची कुम्हार**, अपर आयुक्त

---

**चोरी के कोयले की खरीदी-बिक्री**

# संचालक व ट्रक मालिक सहित चार गिरफ्तार



**हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर**

ट्रक मालिक व ड्राइवरों से सांठगाठ कर उच्च क्वालिटी का कोयला खरीदकर मिलावटी कोयला गाड़ी में भरने के मामले में पुलिस ने कोलडिपो संचालक, दो ट्रक मालिक व एक ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है। उनके कब्जे से तीन ट्रक, एक जेसीबी जब्त किया गया है।

मस्तूरी टीआई कृष्णचंद्र सिदार ने बताया कि 15 जून को चिल्हाटी श्यामा विहार निवासी कप्तान सत्यनारायण 52 ने रिपोर्ट लिखाई। इसमें कोरबा एसीसीएल कोल माइंस से ट्रक क्रमांक सीजी 10 ईसी 5488, सीजी 10 बीटी, 6138, सीजी 15 ईजी, 5055 में कोयला लेकर राशि स्टील एंड पावर लिमिटेड जाया गया। जांच में तीनों वाहनों में मिलावटी कोयला पाया गया। उसके बाद तीनों ड्राइवर वहां से भाग गए। रास्ते में जी 11 कोयला बेचकर मिलावटी कोयला मिक्स किया गया है। पुलिस अपराध कायम कर जांच में जुट गई। पुलिस ने ट्रक मालिक व ड्राइवर को हिरासत में लेकर पूछताछ की। कड़ाई बरतने पर तीनों ने रतनपुर बेलतरा टोलप्लाजा स्थित आकाश सिंघल के कोलडिपो में 11 जी का कोयला बेचकर मिलावटी कोयला मिक्स करना व पैसा आपस में बांट लेना बताया। पुलिस ने डिपो संचालक आकाश सिंघल को पकड़कर पूछताछ की तो उसने चोरी का कोयला खरीदना स्वीकार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक जेसीबी, तीन ट्रक, 30 टन कोयला जब्त किया है। पुलिस ने बीएनएस की धारा 316, 3, 317, 4, 111 के तहत चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

### पूर्व में भी हो चुकी है कार्रवाई

आरोपी आकाश सिंघल लंबे अरसे से रतनपुर क्षेत्र में कोलडिपो संचालित कर रहा है। कोलडिपो की आड़ में बेखौफ रात भर ट्रक मालिक व ड्राइवरों से सांठगाठ कर उच्च क्वालिटी का कोयला सस्ते दामों में खरीदकर गाड़ी में मिलावटी कोयला मिलाने का कारोबार करता है। पूर्व में भी उसके खिलाफ कई बार कोयला चोरी खरीदी बिक्री के मामले में कई बार चालान हो चुका है। कार्रवाई ने रतनपुर पुलिस के सक्रियता की पोल खोलकर रख दी है।

### पकड़े गए आरोपी

- आकाश सिंघल पिता हंशराज सिंघल 41 साल देवरीखुर्द न्यू कालोनी कोलिडिपो संचालक
- सूरज सिंह पिता मनोज सिंह 31 साल सक्ति नगर दीपका कोरबा वाहन मालिक
- सुनीत यादव पिता गोविंद यादव 23 साल अशोक नगर सरकण्डा वाहन मालिक
- जयकांत यादव पिता रमेश यादव कौउवाकोट मजियाब गढ़वा झारखंड ड्राइवर

---

# तिफरा फ्लाइओवर पर हादसा, युवक की मौत

**बिलासपुर।** करंट से झुलसे पिता को इलाज के लिए सिम्स ले जाते समय बाइक सवार दो युवक तिफरा फ्लाई ओवरब्रिज में बोलेरो के ग्लास व पिकअप से टकरा गए। हादसे में एक युवक की मौत हो गई। वहीं दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है।

सिविल लाइन टीआई किशोर केंवट ने बताया कि मुंगेली पथरिया बदरा ठाकुर निवासी केशव ठाकुर करंट के चपेट में आकर झुलस गए थे। परिजन के द्वारा उन्हें इलाज के लिए सिम्स ले जाया जा रहा था। उनका बेटा भानू लहरे अपने साथी पारस यादव के साथ पीछे से बाइक में जा रहा था। दोपहर 12 बजे तिफरा फ्लाई ओवरब्रिज में उनकी बाइक सामने जा रही बोलेरों के ग्लास से





दुर्घटनास्थल पर लगी लोगों की भीड़।

टकराकर अनियंत्रित हो गई। इसी दौरान उनकी बाइक तेज रफ्तार पिकअप से टकरा गई। बाइक सवार दोनों युवक गिर पड़े। हादसे में भानू लहरे की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं उसका साथी पारस यादव गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर भीड़ लग गई और ट्रैफिक जाम हो गया।

हादसे की खबर मिलते ही सिविल लाइन पुलिस मौके पर पहुंची और तत्काल घायल युवक को इलाज के लिए सिम्स भेजा गया। उसके बाद शव को उठवाकर मरच्यूरी भेजा गया। इधर मौके पर ट्रैफिक पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। तत्काल भीड़ को हटाकर आवागमन सामान्य कराया गया है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया है।

### शोरूम के गोदाम से इलेक्ट्रिक स्कूटी पार

**बिलासपुर।** शोरूम के गोदाम से ई स्कूटी चोरी हो गई है। संचालक ने कर्मचारी पर चोरी करने का संदेह जाहिर किया है। पुलिस जांच में जुट गई है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, मिनोचा कालोनी निवासी करण ऋषि पिता सुनील ऋषि ओबेन इलेक्ट्रिक एवं ऐथर कंपनी का इलेक्ट्रिक स्कूटी का डीलर है। उनका गोदाम भुखारी पेट्रोल पंप अग्रसेन चौक के पास है। उनके गोदाम में 20 स्कूटी रखी हुई थी। 28 मई को हिसाब करने पर एक स्कूटी गायब थी। इसी बीच उनके गोदाम में काम करने वाला कर्मचारी तरूण कुमार बिना बताए नौकरी छोड़कर चला गया है। उन्हें संदेह है कि उसके द्वारा स्कूटी चोरी की गई है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर संदेही कर्मचारी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

# घरों से मोबाइल चोरी करने वाले 2 युवक गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर**

घरों से मोबाइल चोरी करने वाले 2 युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उनके पास से चोरी के 11 मोबाइल बरामद किया गया है।



■ **आरोपियों से 11 मोबाइल जब्त**

सरकण्डा टीआई प्रदीप आर्या ने बताया कि 20 जून को जोरापारा निवासी तारकेश्वर साहू के घर से दो मोबाइल, दो घड़ी, नकद रकम व अशोकनगर निवसी रामनारायण मिंज के घर से मोबाइल चोरी हो गया था। पुलिस अपराध कायम कर चोरों की पतासाजी में जुट गई थी। मुखबिर की सूचना पर मुक्तिधाम निवासी निखिल सोनी पिता स्व. अशोक सोनी 24 साल, तिफरा यदुनंदननगर निवासी महेश मानिकपुरी उर्फ सोनू पिता श्याम मानिकपुरी 22 साल को पकड़कर पूछताछ की गई। कड़ाई बरतने पर दोनों ने मकानों से मोबाइल, घड़ी चोरी करना स्वीकार कर लिया। दोनों के पास से चोरी की 11 मोबाइल, घड़ी, नकद रकम बरामद किया है। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया है।

# सूने मकान में चोरों का धावा, 6 लाख के जेवर, नकद चोरी

**बिलासपुर।** सूने मकान में चोरों ने धावा बोला और आलमारी के लाकर तोड़कर 6 लाख रुपए के सोने चांदी के जेवर व नकद रकम चोरी कर ली। पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पाई है।

मोपका पुलिस सहायता केंद्र के अनुसार, राजकिशोरनगर कल्याण बाग के पीछे रहने वाले अनुराग वस्त्रकार प्राइवेट बैंक में काम करते है। उनकी मां संख्या वस्त्रकार सरकारी नौकरी करती है। उक्त मकान में मां बेटे रहते है। श्रीमती वस्त्रकार के भाई की मृत्यु होने पर शनिवार को मकान के दरवाजे में ताला लगाकर गमी में शामिल होने अपने भाई के घर चले गए थे। 21 जून की दोपहर 2 बजे घर लौटे तो ताला टूट मिला। अंदर जाकर देखे तो





सामान अस्त व्यस्त पड़ा हुआ था। आलमारी का लाकर तोड़कर 5 तोला सोना, 6 तोला चांदी के जेवर व 10 हजार रुपए नकद चोरी हो गई थी। सूचना पर मोपका पुलिस उनके घर का मुआयना कर लौट गई। पुलिस ने अनुराग की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर खानापूर्ति कर ली है। दूसरे दिन भी पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पाई है।

### तेजी से बढ़ रहा अपराध

मोपका क्षेत्र में तेजी से अपराध का ग्राफ बढ़ रहा है। लगातार सूने मकानों को टारगेट बनाकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया जा रहा है। स्वीकृति के बाद भी मोपका थाना नहीं खुलने से अपराधियों के हौंसले बुलंद हो गए है। गिनती के पुलिसकर्मी के भरोसे मोपका क्षेत्र चल रहा है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

## खबर संक्षेप

### हाईमास्क लाइट से 19 धार्मिक स्थल होंगे रोशन

**लोरमी।** क्षेत्रीय विधायक एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव के प्रयास से क्षेत्र के 19 ग्रामों के धार्मिक स्थलों में 1 करोड़ 16 लाख 5 हजार के लागत से सौर ऊर्जा संचालित हाईमास्क सोलर लाइट से जगमग होंगे। गांवों में सुरक्षा, सुविधा और विकास के लिए बड़ा कदम है। मिली जानकारी के अनुसार नगर पालिका क्षेत्र ब्राह्मण पारा स्थित मां महामाया मंदिर परिसर, गांधीडीह, वार्ड नं. 08.के महामाया मन्दिर, नगर प्रसिद्ध शिवघाटपरिसर, ग्रा.पं. महामाई के दुर्गा मंदिर,मोहडंडा दुर्गा मंदिर, ग्राम खुड़िया दुर्गा मंदिर, विचारपुर सिद्ध बाबा मंदिर, ग्राम सारधा के श्री राम जानकी मंदिर, कारीडोंगरी सिद्ध बाबा मंदिर, डोंगरीगढ़ के महामाया मंदिर, छपरवा-दुर्गा मंदिर, बघनीभांवर त्रिशुला देवी मंदिर, बिंदावल- दुर्गा मंदिर चौक, बोडतरा कला- श्रीराम मंदिर, सेरमरसल के मेला ग्राउंड स्थित-राम जानकी मंदिर, ग्रा.पं. बटहा, भूतहीडीह-भूतहीडीह मंदिर तालाब के पास, देवरहट में तालाब के पास हनुमान मंदिर में स्वीकृत प्रदान किया गया है।

### ट्रैक्टर की टक्कर से एक्टिवा सवार युवक की मौत

**कोरबा।** उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत सक्ति मुख्यमार्ग पर सोमवार को एक ट्रैक्टर चालक ने एक एक्टिवा सवार युवक को अपनी चपेट में लिया जिससे युवक मौके पर ही मौत हो गई। घटना उरगा थाना क्षेत्र के तिलकेजा और आमापाली गांव के बीच की है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, एक्टिवा सवार युवक कोरबा की ओर से आ रहा था। इसी दौरान सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर सीजी 11 एएच 8945 ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि एक्टिवा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और युवक उछलकर दूर जा गिरा। सिर में गंभीर चोट लगने के कारण उसकी मौके पर मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। सूचना मिलते ही डायल-112 और उरगा थाना पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंची।

## निधन

### रंजीत तिर्की



**बिलासपुर।** अन्नपूर्णा विहार सेक्टर 2 निवासी 49 वर्षीय कैरम के राष्ट्रीय खिलाड़ी रंजीत तिर्की का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार अन्नपूर्णा विहार तोरवा मुक्तिधाम पानी टंकी के पास 23 जून को दोपहर 12 बजे किया जाएगा।

### संतोष कुमार चंदेल



**रतनपुर।** नगर के प्रतिष्ठित नागरिक मनोहर लाल चंदन के पुत्र संतोष कुमार चंदेल का 58 वर्ष की आयु में सोमवार को निधन हो गया। वे कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। उनका अंतिम संस्कार 23 जून की सुबह 10 कृष्णार्जुनी मुक्तिधाम में किया जाएगा।

### हर्षवर्धन सिंह



**बिलासपुर।** मिनोचा कालोनी निवासी हर्षवर्धन सिंह का 22 जून को निधन हो गया। वे 59 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार 23 जून को पुरी उड़ीसा के स्थानीय मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे सुप्रिया ठाकुर के पति थे।

### क्रॉस वोटिंग बनी सहारा, समर्थकों ने मनाया जश्न

# अविश्वास प्रस्ताव से बची जनपद पंचायत अध्यक्ष भारद्वाज की कुर्सी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोटा

जनपद पंचायत कोटा में अध्यक्ष सूरज साधेलाल भारद्वाज के खिलाफ लाया गया अविश्वास प्रस्ताव सोमवार को आवश्यक बहुमत नहीं जुटा सका। दिलचस्प राजनीतिक घटनाक्रम और क्रॉस वोटिंग के चलते अध्यक्ष अपनी कुर्सी बचाने में सफल रहीं। परिणाम घोषित होते ही समर्थकों और कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल बन गया। जनपद कार्यालय परिसर के बाहर ढोल-नगाड़ों की थाप पर समर्थक झूमते नजर आए, वहीं आतिशबाजी कर एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत का जश्न मनाया गया।

जनपद पंचायत कोटा में कुल 25 सदस्य हैं, जिनमें अध्यक्ष सहित 19 सदस्य भारतीय जनता पार्टी और पांच सदस्य कांग्रेस से जुड़े हैं। अध्यक्ष के खिलाफ भाजपा और कांग्रेस के कुल 22 जनपद सदस्यों ने अविश्वास प्रस्ताव पेश



किया था। पिछले कई दिनों से इस प्रस्ताव को लेकर क्षेत्र की राजनीति गरमाई हुई थी और सभी की निगाहें मतदान के परिणाम पर टिकी थीं। अविश्वास प्रस्ताव की कार्रवाई को रोकने के लिए अध्यक्ष सूरज साधेलाल भारद्वाज ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर मतदान पर स्थगन की मांग की थी, लेकिन न्यायालय से राहत नहीं मिलने के बाद बिलासपुर कलेक्टर के निर्देश पर सोमवार को मतदान की प्रक्रिया संपन्न कराई गई। तखतपुर एसडीएम को निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया था, जिनकी देखरेख में पूरी प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। मतगणना के दौरान सबसे अहम पहलू क्रॉस वोटिंग का रहा। अध्यक्ष को अपना पद बचाने के लिए न्यूनतम सात मतों की आवश्यकता थी, लेकिन उन्हें नौ मत प्राप्त हुए। वहीं अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में 16 मत पड़े। निर्धारित प्रावधानों के अनुसार प्रस्ताव आवश्यक बहुमत हासिल नहीं कर सका और इस तरह सूरज साधेलाल भारद्वाज अध्यक्ष पद पर बनी रहीं।

# ग्रामीणों ने कराई तालाब की शादी दिया जल संरक्षण का संदेश

**तखतपुर।** गिरधौना में ग्रामीणों ने 5 लाख रुपये की लागत से बने नए तालाब की शादी का आयोजन किया। जल संरक्षण और पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ग्रामीणों द्वारा तालाब का विवाह बड़े उत्साह और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न कराया गया। इस अनूठे आयोजन में ग्रामीणों ने भाग लिया।

कार्यक्रम में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विवाह की सभी रस्में पूरी की गईं। ग्रामीणों ने बारात निकाली, मंगल गीत गाए और जल स्रोतों के संरक्षण का संकल्प लिया। आयोजन का उद्देश्य लोगों को जल संकट के प्रति जागरूक करना तथा वर्षा जल संचयन एवं तालाबों के संरक्षण के लिए प्रेरित करना था। इस अवसर पर सरपंच ओंकार प्रसाद सिंगरौल ने कहा कि तालाब केवल जल का स्रोत नहीं, बल्कि गांव की जीवनरेखा हैं। बढ़ते जल संकट को देखते हुए जल स्रोतों का संरक्षण



समय की आवश्यकता है। उन्होंने ग्रामीणों से तालाबों की नियमित साफ-सफाई, गहरीकरण और अतिक्रमण मुक्त रखने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने प्राकृतिक जल स्रोतों को बचाने का संकल्प लिया। उपसरपंच अन्नपूर्णा अरूण सिंगरौल ने कहा कि ऐसे आयोजन सामाजिक जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ लोगों को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करते हैं। इस अवसर पर संतोष कुमार, हरि राम, विरेंद्र, छेदीराम, जितेंद्र कुमार, शिव कुमार, रतन, गुलाब, रामरतन, महेश, राजेंद्र, राधे, विजय, बल्दाऊ, राजकुमार, लव किशोर, भगवंता, हरिचंद, शेखर, श्रवण, प्रमोद, भाईराम, भीम यादव, दिलीप सहित अन्य उपस्थित रहे।

# ईश्वर का दर्शन करना है तो गुरु और सत्संग से जुड़ें

**तखतपुर।** व्यक्ति को यदि ईश्वर का दर्शन करना है तो सबसे पहले उसे गुरू और सत्संग से जुड़ना होगा। यही दो माध्यम है जिसके माध्यम से हम ईश्वर से साक्षात्कार प्राप्त कर सकते हैं। गुरू के दर्शन करने से जहां हमें भगवत भजन करने की प्रेरणा मिलती है। वहीं सत्संग के माध्यम से कथा श्रवण करने से व्यक्ति ईश्वर के प्रति अपनी श्रद्धा भाव जागृत कर पाता है।



उक्त बातें ग्राम पोंगरिहा में आयोजित श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह में कथा वाचक पं. सुरेंद्र मिश्रा ने कथा विस्तार करते हुए कही। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा व्यक्ति के उन सभी समस्याओं को हम कैसे दूर करे कैसे उससे मुक्ति पाए हमें बताता है। भगवत चरणों में निष्काम भाव से यदि व्यक्ति मन लगा दे तो निश्चित रूप से उसे ईश्वर की प्राप्ति होती है। कथा वाचक ने कथा के दौरान गंगा को धरती पर लाने के लिए भगीरथ की तपस्या की कथा भी सुनाया। इस अवसर पर आचार्य जितेंद्र मिश्रा सहित यजमान पारथ लाल रजक, जागेश्वरी, उत्तम प्रसाद, कवित्री, शिव कुमार, उर्मिला, सुमरिका, अमोला, नेतराम, दुलौरिन, मूलचंद, रूखमणी, रमेश, मधुर लाल रजक, सोनकली, रामहित, पुरू, कविता, रामकुमार, चमेली, विशेश्वर, कलेश्वरी, राजकुमार, शिवकुमार, राजेश, रमेश, पालूराम, मधुर, अश्वनी, रूपचंद, पुन्नी लाल, रूपेश, आशु, दीपांशु, टेकचंद कारड़ा, राजेंद्र कौशिक, शैलेंद्र निर्मलकर, ओमप्रकाश निर्मलकर सहित अन्य उपस्थित रहे।



# दर्जनों महिलाओं ने थाने में की पानी निकासी का पाइप बंद करने की शिकायत

**पथरिया।** ग्राम पंचायत सोढ़ी (निजामी) की ग्रामीण महिलाओं ने बस्ती की पानी निकासी व्यवस्था बाधित करने, गाली-गलौज एवं धमकी देने के आरोप में थाना पथरिया में शिकायत दर्ज कराते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों द्वारा दिए गए आवेदन के अनुसार प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सड़क निर्माण के दौरान बस्ती से बरसाती एवं घरेलू पानी की निकासी के लिए दोन्द पाइप डाला गया था। आरोप है कि गलत सीमांकन के बाद ग्राम के कुछ व्यक्तिओ द्वारा एवं उनके परिवार के सदस्यों ने उक्त पाइप में मिट्टी डालकर उसे बंद कर दिया। समस्या के समाधान के लिए दूसरे स्थान पर सड़क काटकर पाइप डाला गया, लेकिन वहां भी विरोध करते हुए पाइप को बंद कर दिया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि विरोध करने पर संबंधित लोगों द्वारा गाली-गलौज की गई तथा मारपीट की धमकी दी गई। इस दौरान सरपंच एवं पंचों के प्रति भी अपशब्दों का प्रयोग किया गया। पाइप बंद होने से बस्ती में जल निकासी बाधित हो गई है, जिससे ग्रामीणों और बच्चों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शिकायत में गांव के ही विभिन्न व्यक्ति पर आरोप लगाए गए हैं। ग्रामीणों ने थाना पथरिया से मामले की जांच कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने तथा पुरानी पानी निकासी पाइप को पुनः खुलवाने की मांग की है।

### ब्लॉक कांग्रेस ने किया बिजली आफिस का घेराव

# बिजली कटौती से व्यापारी, विद्यार्थी सभी परेशान

**तखतपुर।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शहर एवं ग्रामीण के नेतृत्व में बिजली की बढ़ती हुई दर एवं अघोषित बिजली कटौती के विरोध में बिजली ऑफिस का घेराव किया गया।

ब्लाक अध्यक्ष अभ्यूदय तिवारी ने कहा कि छत्तीसगढ़ में आमजनों को बिजली से राहत देने के लिए कांग्रेस सरकार ने आधा बिजली बिल माफ कर दिया था, लेकिन जैसे ही प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी सबसे ज्यादा बिजली की मार आमजनों को पड़ रही है। क्षेत्र में विद्युत कटौती करना आम बात है। कांग्रेसजन दोपहर 12 बजे विद्युत कार्यालय पहुंचे और वहां पर ज्ञापन दिया। नगर कांग्रेस अध्यक्ष शैलेंद्र निर्मलकर ने कहा कि विद्युत कटौती की सबसे ज्यादा वार नगरवासियों को हो रही है। यहां पर व्यापारी, विद्यार्थी सभी परेशान हैं। एक तरफ परीक्षा की तैयारी में जुटे



विद्यार्थी लगातार हो रही विद्युत कटौती के कारण ठीक से तैयारी नहीं कर पा रहे हैं। स्मार्ट मीटर के नाम से भी लोगों को ठगा जा रहा है। इस अवसर पर प्रदेश सचिव आतमजीत सिंह मक्कड़, मण्डल अध्यक्ष जितेन्द्र राज, दिनेश देवांगन, उमेश राजपूत, अजय देवांगन, मुन्ना श्रीवास, बबलू गुप्ता, अभिषेक पाण्डे, रमन हुरा, चंद्रप्रकाश देवांगन यावेंद्र सिंह, प्रियांशु डहरिया, आशीष सैमुएल, आदर्श बांजरे, अजय ध्रुव, अंकित मसीह, दीपक लहरें, बबलू पटेल, अमजद नट्टू जायसी, आशीष, करीम कुरैशी, अभय कौशिक, गोविन्द साहू शिवबालक कौशिक, बिसाहू राम कौशिक, रामस्वरूप कश्यप, उमाशंकर सिंगरौल, मनोज साहू, चन्द्रकुमार भारती, राजन कौशिक, संतोष पाल, ओमप्रकाश, हेमंत कश्यप, जगेश कौशिक, नीलेश अनंत, संगीत कुर्रे,रितेश साहू, सुनील भारती, रामबोल कौशिक, विनय कोल सहित अन्य उपस्थित रहे।

# मरपच्ची ने किया एकलव्य विद्यालय का निरीक्षण

**पेंड्रा।** मरवाही विधायक प्रणव कुमार मरपच्ची ने शुक्रवार को डोंगरिया स्थित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय का निरीक्षण कर छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य, आवासीय व्यवस्था तथा विद्यालय में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

- विद्यार्थियों के स्वास्थ्य एवं सुविधाओं का लिया जायजा

निरीक्षण के दौरान विधायक मरपच्ची ने छात्रावास, भोजनालय, पेयजल व्यवस्था, स्वच्छता, चिकित्सा सुविधाओं एवं अध्ययन कक्षों का अवलोकन किया। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन को निर्देशित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने छात्र-छात्राओं के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, पौष्टिक भोजन और स्वच्छ परिसर सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया।

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष लालजी यादव, ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष शंकर चक्रधारी, मंडल अध्यक्ष हेमचंद मरावी, लोकेश गुप्ता, मुकेश शर्मा सहित पार्टी के अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने विद्यालय की व्यवस्थाओं का अवलोकन करते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने की आवश्यकता पर बल दिया।

### घर पर काम कर रही महिला को सर्प ने डसा, मौत

**कोरबा।** मानसून के सक्रिय होने से पहले हो रही बूंदाबांदी के बीच उमस भरी गर्मी बढ़ गई है। ऐसे में सर्पदंश की घटनाएं सामने आने लगी है। पसान निवासी भीमकुंवर 38 को सुबह साफ सफाई के दौरान एक सांप ने काट लिया। महिला की चीख पुकार सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे। महिला को आनन फानन में स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया। गंभीर हालत को देखते हुए उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया, जहां उपचार के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।





# शिविर में लोगों को दी जा रही योजनाओं की जानकारी

**मल्हार।** नगर पंचायत अंतर्गत आने वाले रेहड़ी-पटरी और छोटे दुकानदारों को सशक्त बनाने के लिए पीएम स्वनिधि योजना का लाभ उठाने नगर के विभिन्न स्थानों में शिविर लगाकर योजना की जानकारी दी जा रही है।

निकाय के इस योजना को जमीन पर लागू करने की जिम्मेदारी नगर पंचायत कार्यालय की है। इसलिए कर्मचारी अधिकारी मौके में बैठकर लोगों को जागरूक कर लाभ दिलाने की कोशिश में लगे हैं। सीएमओ अनुभव सिंह ने बताया कि इस योजना की आवेदन प्रक्रिया भी सरल है जिसमें लाभार्थी कार्यालय में जाकर योजना के नोडल अधिकारी या संबंधित कर्मचारी से सम्पर्क कर आवश्यक दस्तावेज दे सकते हैं। आधार कार्ड, बैंक खाता पासबुक,पहचान पत्र व वेंडिंग सर्टिफिकेट, सर्वे कार्ड या वेंडिंग सर्टिफिकेट जारी किया गया हो। यदि सर्टिफिकेट नहीं भी है, तो नगर पंचायत कार्यालय से यानी सिफारिश पत्र के लिए आवेदन किया जा सकता है। फॉर्म भरने और नगर पंचायत से मंजूरी मिलने के बाद लोन की राशि सीधे लाभार्थी के बैंक खाते में ट्रांसफर कर दी जाती है।

# कांग्रेस ने 7 सूत्रीय मांगों को लेकर एसडीएम दफ्तर घेरा

**मस्तूरी।** किसानों, छात्रों और आम जनता की विभिन्न समस्याओं व महंगाई, बेरोजगारी, बिजली संकट सहित नीट परीक्षा में पेपर लीक जैसे मुद्दों को लेकर मस्तूरी कांग्रेस विधायक दिलीप लहरिया व जनप्रतिनिधियों ने प्रदर्शन कर एसडीएम दफ्तर का घेराव किया। इस दौरान मुख्यमंत्री के नाम पर ज्ञापन सौंपा गया।

- मस्तूरी विधायक ने जनप्रतिनिधियों के साथ सौंपा ज्ञापन

कांग्रेस द्वारा सोमवार को जोंधरा चौक में धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। इस दौरान विधायक दिलीप लहरिया ने कहा कि ये सरकार चाहती है कि किसानों की फसल न हो जिससे सरकार को फसल खरीदना न पड़े। खाद की कालाबाजारी हो रही है जिससे किसान त्रस्त हैं। विधायक ने कहा कि बिजली की कटौती और भारी भरकम बिलों से राज्य की जनता परेशान त्रस्त हो गई है। उन्होंने बताया कि भाजपा की सरकार किसानों की फसलों को कम करके खरीदी पर रोक लगाने की कोशिश में है, किसानों की समस्या यूरिया खाद की किल्लत, खाद की कालबाजारी हो रही है, बिजली की समस्या के साथ साथ सरकार कि नल जल योजना फेल



है, नीट पेपर लीक होने से हजारों बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर दोबारा परीक्षा कराना सरासर अन्याय है। कार्यकर्ता 7 सूत्रीय मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन स्थल से पैदल रैली लेकर एसडीएम कार्यालय पहुंचे और दफ्तर के समक्ष धरना प्रदर्शन किया। एसडीएम दफ्तर छोड़कर बाहर निकले और ज्ञापन को स्वीकार किया। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष भोलाराम साहू के नेतृत्व में विधानसभा मस्तूरी क्षेत्र के सभी कांग्रेस प्रकोष्ठों के पदाधिकारी व क्षेत्रीय किसान, आम जनता, व्यापारी मौजूद रहे।

---

**न्यायालय नायब तहसीलदार सकरी**
**जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**
रा.प्र.क्र.........अ-6-अ /2025-26
ग्राम-अमेरी, तहसील - सकरी,
जिला बिलासपुर (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है आवेदक/आवेदिका श्री रामनिवास साहू पिता स्व.मेलाराम साहू निवासी ग्राम -ओखर तह. -पचपेड़ी मस्तूरी तहसील पचपेड़ी जिला बिलासपुर के द्वारा ग्राम अमेरी प.ह.नं.43 तहसील सकरी जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 112/12 रकबा 2400 वर्गफीट में विद्यमान अप्राधिकृत /गलत/ अशुद्ध/प्रविष्टि के संबंध में अभिलेख को शुद्ध कर राजस्व अभिलेखों में दर्ज किये जाने आवेदन पत्र माननीय न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व तखतपुर के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 06.07.26 तक प्रस्तुत कर सकते हैं।

आज दिनांक 19.06.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार**
**सकरी**

---

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी, जरहागांव**
**// उद्घोषणा //**
रा.प्र.क्र./ब-121/2025..26
ग्राम - भठलीकला प.ह.नं. 01

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासी ग्राम भठलीकला वालो को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका/श्री/श्रीमती/कु. लेखराम कश्यप पिता/पति स्व.कलेश जाति कुर्मी निवासी ग्राम भठलीकला तहसील जरहागांव, जिला मुंगेली छ.ग. द्वारा अपने पिता स्व.कलेश के जन्म/मृत्यु दिनांक 10/04/2008 को ग्राम पंचायत भठलीकला में दर्ज करने हेतु आदेश जारी करने बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है, अतः इस संबंध में जिस किसी को कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे दिनांक 02/7/2026 को प्रातः 11 बजे तक मेरे न्यायालय तहसील जरहागांव में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 16/6/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा को अधीन जारी किया गया।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी, जरहागांव**

---

**कार्यालय संपदा प्रबंधन छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र बिलासपुर**
**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल दीनदयाल आवास योजना मंगला, बिलासपुर में निर्मित भवन **क्रमांक - एल.आई.जी. 348, मूल आबंटी श्री शिव कुमार भोई पिता श्री स्व. किशन कुमार भोई,** को स्व-वित्तीय आधार पर आबंटित भवन का विक्रय विलेख दिनांक 24.12.2010 को पंजीकृत किया गया हैं। इसके उपरांत द्वितीय क्रेता द्वारा विक्रय विलेख दिनांक 24.03. 2026 को पंजीकृत कराने के पश्चात उक्त भवन को **श्री सूखीराम यादव पिता श्री अलख राम यादव** के नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति/शासकीय/अर्द्ध शासकीय/संस्था आदि को इस भवन के नामांतरण / हस्तांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह अधोहस्ताक्षरकर्ता इस कार्यालय में लिखित रूप से मय प्रमाणित दस्तावेज सहित दावा/आपत्ति कर सकता है अन्यथा इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के बाद में कोई दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मण्डल नियमानुसार उनके पक्ष में नामांतरण/ हस्तांतरण कार्यवाही की जावेगी।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र बिलासपुर (छ.ग.)**

---

**//आम सूचना//**

मैं अपने आसामीन श्रीमति वैजयंती भुरंगी, उम्र 57 वर्ष, पति श्री किशोर कुमार भुरंगी, निवासी-विनोबा नगर बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) की ओर से अधिकृत होकर उनके निर्देशानुसार निम्नाशय का यह आम सूचना प्रकाशित करता हूं कि-

मौजा जूना बिलासपुर, प.ह.नं. 22, तहसील व जिला बिलासपुर स्थित रानी लक्ष्मी बाई नगर वार्ड के परिवर्तित भूमि शीट नं. 4, ब्लाक नं. 5, प्लाट नं. 272, खसरा नंबर 622/5 एवं 622/8 क्षेत्रफल 37020 वर्गफुट पर निर्मित आवासीय परिसर साकेत अपार्टमेंट के फर्स्ट फ्लोर पर निर्मित प्रकोष्ठ क्रमांक बी-6, क्षेत्रफल 850 वर्गफुट अवस्थित है, को स्वामी श्री आनन्द कुमार मिश्रा पिता श्री बी.के.मिश्रा निवासी आशा कुंज, एल-3, विद्या नगर बिलासपुर से क्रय करने का पक्का सौदा मेरे आसामीन ने की है तथा शीघ्र ही उपरोक्त प्रकोष्ठ का पंजीकृत बैनामा अपने पक्ष में तहरीर कराने वाली है।

सो जो कोई व्यक्ति, संस्था, निगम, निकाय, बैंक, उपरोक्त प्रकोष्ठ से स्वयं को हितबद्ध समझता हो, वे इस आम सूचना प्रकाशन से 07 दिवस के भीतर अपना आपत्ति / दावा मय दस्तावेज मेरे कार्यालय में कर सकते हैं। समयावधि अवसान पश्चात की जाने वाली दावा/ आपत्ति विधि मान्य नहीं होगी।

सो सूचना जाने !
दिनांक : 22/06/2026
स्थान : बिलासपुर (छ.ग.)

भवदीय
RATNESH KUMAR AGRAWAL
(ADVOCATE)
NEAR LIFE CARE HOSPITAL
KARBALA JUNA BILASPUR
Mob.: 98274-07567

---

**आम सूचना**

**सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं संजय गुप्ता अधिवक्ता अपने पक्षकार हेमेन्द्र गोस्वामी पिता श्री सुफल गोस्वामी निवासी अम्बेडकर वार्ड शिक्षक नगर मुंगेली तहसील व जिला मुंगेली छ0ग0 की ओर से आम जन को सूचित करता हू कि मेरे पक्षकार ने ग्राम मंगला प.ह.न. 35 रा.नि.म. सरकंडा तहसील व जिला बिलासपुर छ0ग0 स्थित भूमि खसरा न. 1608/3 रकबा 0.0320 हे. भूमि जो राजस्व दस्तावेजो में परविंदर कौर, चरणजीत पिता उपराम सिंह एवं श्रीमती गुरमीत कौर पति उपराम सिंह निवासी मिनोचा कालोनी बिलासपुर के नाम पर दर्ज है को उपरोक्त भूमि स्वामियों से खरीदने का करार कर लिया है। जिस किसी आम जन, वित्तीय संस्थान, को ततसंबंधित कोई आपत्ति हो, तो इस नोटिस के प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय भारतीय स्टेट बैंक के सामने कोदवाबाडा मुंगेली में पूर्ण दस्तावेज सहित संपर्क करे। निर्धारित अवधि के उपरांत की गयी कोई भी आपत्ति स्वीकार नही किया जाकर अवैध माना जावेगा।**

**उपरोक्तानुसार सूचना प्रकाशित........**

**दिनांक - 21/6/26**

**भवदीय**
**संजय गुप्ता अधिवक्ता**
**मोन. 9329561533**

---

**न्यायालय नायब तहसीलदार सकरी**
**जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**
रा.प्र.क.........अ-6-अ /2025-26
ग्राम-अमेरी, तहसील - सकरी,
जिला बिलासपुर (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है आवेदिका श्रीमती नेहा साहू पति प्रदीप साहू निवासी विकास नगर 27 खोली, तहसील व जिला बिलासपुर के द्वारा ग्राम मौजा अमेरी प.ह.नं.-43 तहसील सकरी स्थित परिवर्तित भूमि खसरा नं. 112/106 शीट नंबर 5/19 के प्लाट में से रकबा 1225 वर्गफुट भूमि को आवेदिका के द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 12.06.2018 को विक्रेता अनावेदक क्रमांक 01 से क्रय कर क्रय दिनांक से ही उक्त भूमि पर कब्जा प्राप्त कर काबिज चले आ रही है। उक्त भूमि का नामांतरण अधीक्षक भू-अभिलेख बिलासपुर के प्रकरण क्रमांक 2544/अ-6/2017/18 पारित आदेश दिनांक 17.07.2018 के पश्चात आवेदिका के नाम पर खसरा नंबर 112/132 दर्ज कर पी-2 खसरा जारी किया गया। वर्ष 2013-14 में खसरा नंबर 112/106 रकबा 0.0120 हे0 अनावेदक क्रमांक 01 के नाम पर तथा खसरा नंबर 112/132 रकबा 0.0140 हे. अनावेदक क्र.02 के नाम दर्ज है। खसरा नंबर 112/132 जो कि आवेदिका को प्रदान किया गया है वह पूर्व में ही बटांकन हो चुका है जो एक राजस्व त्रुटि है। आवेदिका द्वारा अधीक्षक भू-अभिलेख बिलासपुर के प्रकरण क्रमांक 2544/अ-6/2017/18 आदेश दिनांक 17.07.2018 के आवेदिका का नाम दर्ज कर राजस्व अभिलेख में सुधार किये जाने का आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 115 के अधीन अभिलेख दुरूस्त किये जाने हेतु इस न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 06.07.2026 तक प्रस्तुत कर सकते हैं।

आज दिनांक 18.6.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार सकरी**

---

**कार्यालय तहसीलदार पेण्ड्रारोड,**
**जिला-गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र. 202605280100006/
अ-21(2)/2025-26
ग्राम सेमरा, प.ह.नं. 21
**// ईश्तहार//**

सर्वसाधारण आम जनता ग्राम सेमरा को सूचित किया जाता है कि आवेदक पविकान्त श्रीवास्तव आ. के. के. श्रीवास्तव, जाति श्रीवास्तव, निवासी सिद्धी शिखर विस्तार अपार्टमेन्ट शांतिनगर बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर (छ. ग.) द्वारा अभिभाषक श्री आशीष तिवारी ने उपस्थित होकर ग्राम सेमरा स्थित व्यपवर्तित भूमि ख.नं. 188/1 रकबा 0.0360 हे. भूमि आवेदक के भूमिस्वामी हक में दर्ज है जिस पर 1500 वर्गफिट पर एक मकान निर्मित है। आवेदक रूपयों की आवश्यकता होने के कारण क्रेता त्रिमूर्ति एप्लायंसेज एलएलपी पार्टनर गौरव खेडिया पिता प्रमोद खेडिया, जाति अग्रवाल, निवासी मिनोचा कॉलोनी मुंगेलीरोड अंकुर ट्रामा के सामने वार्ड क्रमांक 15 बिलासपुर (छ.ग.) के पास रूपये 17,61,000 (सत्रह लाख इकसठ हजार रूपये) में विक्रय करने का सौदा पक्का कर सौदे की सम्पूर्ण राशि प्राप्त कर विक्रेता एवं क्रेता के मध्य पंजीकृत इकरारनामा दिनांक 18.03.2026 निष्पादित किया जाकर उक्त व्यपवर्तित भूमि को विक्रय करने की अनुमति प्रदान किये जाने का निवेदन किया गया है। उक्त संबंध में कलेक्टर महोदया जिला गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही (छ.ग.) से प्रकरण मूलतः जाँच प्रतिवेदन हेतु न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पेण्ड्रारोड के माध्यम से प्रकरण इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अतः उक्त भूमि पर आवेदन पत्र पर किसी व्यक्ति या संस्था को दावा / आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति लिखित में दिनांक 30/06/26 तक मेरे न्यायालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

आज दिनाँक 12/06/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुहर से ईश्तहार जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**पेण्ड्रारोड**

---


**न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)**

**विवाह सूचना का प्रकाशन**

क्रमांक क/263/वाचक/अति-कले/2026, बिलासपुर, दिनांक 05.06.2026
आवेदक श्री साहिल यादव आत्मज स्व. जगदीश यादव उम्र 26 वर्ष निवासी वार्ड नं. 10 यादवपारा कुंआ जरौंधा थाना तखतपुर तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.) एवं आवेदिका कुमारी माया यादव आत्मजा स्व. रिवन यादव उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम म.नं. 345 कोट सागरपारा कोटा, करगी रोड थाना कोटा, जिला बिलासपुर (छ.ग.)

द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-5 के तहत सूचना पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः प्राप्त सूचना का प्रकाशन सर्व साधारण के लिए दैनिक समाचार पत्र में किया जाता है। इस विवाह के संबंध में यदि कोई आपत्ति या दावा हो तो अपनी आपत्ति/दावा इस कार्यालय में दिनॉक 09.07.2026 को प्रातः 11:00 बजे प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति / दावा पर कोई विचार करना संभव नहीं होगा।


साहिल यादव


माया यादव

**विवाह अधिकारी**
**बिलासपुर (छत्तीसगढ़)**

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
• मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
• किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
• अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
• मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त